

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -06 जबलपुर, रविवार 02 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**बजट में वित्त मंत्री का बड़ा ऐलान** — **मिडिल क्लास को बड़ी राहत, महिलाएं और किसानों पर मेहरबान मोदी सरकार**

# 12 लाख तक की आय पर नहीं लगेगा टैक्स



नई दिल्ली-(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में केंद्रीय बजट पेश किया। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने और साथ ही उद्यमिता और रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कई घोषणाएँ की गईं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई कर व्यवस्था में कर छूट के साथ आयकर स्लैब में बदलावों की शनिवार को घोषणा की। सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि सरकार पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में अतिरिक्त बुनियादी ढांचा का निर्माण करेगी और बिहार की राजधानी पटना स्थित आईआईटी का विस्तार करेगी।

**बजट की मुख्य बातें**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उम्मीदों के अनुरूप मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को पूरी तरह से कर मुक्त किये जाने की घोषणा की। यह छूट नई आयकर व्यवस्था में दी गयी है। मानक कटौती 75,000 रुपये के साथ नौकरीपेशा लोगों को अब 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं देना होगा। निर्मला सीतारमण ने शनिवार को घोषणा की कि सरकार अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में 'डे केयर' कैंसर केंद्रों की स्थापना की सुविधा प्रदान करेगी और इनमें से 200 इसी वित्त वर्ष 2025-26 में स्थापित किए जाएंगे। सीतारमण ने 2025-26 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि 'गिग वर्कर्स' को पीएम जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। कैंसर की दवाएं भी सस्ती होंगी।

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की। इसके तहत कम पैदावार, आधुनिक फसल गहनता और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा। वित्त मंत्री ने अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए कहा कि इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं, महिलाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ग्रामीण समृद्धि व लचीला कार्यक्रम शुरू करेगी।- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार अगले 10 साल में चार करोड़ अतिरिक्त यात्रियों की मदद के लिए 120 गंतव्यों को जोड़ने के लिए संशोधित उड़े देश का आम नागरिक 'उड़ान' योजना शुरू करेगी। शनिवार को संसद में आम बजट 2025-26 पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार बिहार की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य में नए हवाई अड्डों की सुविधा भी प्रदान करेगी। - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए ब्याज सहायता योजना की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाएगी ताकि उनकी कर्ज तक पहुंच में सुधार हो सके। इसके अलावा, सरकार सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा वाले 'कस्टमाइज्ड' क्रेडिट कार्ड पेश करेगी। - वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किसी भी आकलन वर्ष के लिए अद्यतन आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने की घोषणा की।

## निचले सभी स्लैब का टैक्स सरकार माफ करेगी; ये फायदा नई रिजीम में

### संसद में लगे- मोदी-मोदी के नारे...

मोदी ने सरकार ने मध्मवर्गीय परिवारों की सुन ली है। वित्त मंत्री ने टैक्स पर राहत देते हुए बड़ा एलान किया है। अब से 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इस एलान के बाद संसद में मोदी-मोदी के नारे लगे। खुद पीएम मोदी भी इस एलान का समर्थन करते हुए मेज थपथपाते नजर आए।

### 'हर कोई आपकी तारीफ कर रहा है'... बजट भाषण के बाद वित्त मंत्री के पास जाकर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2025 पेश किया। इसमें कई तरह को घोषणाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। पीएम ने कहा, हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है। प्रधानमंत्री ने कहा- यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जम्प्शन को बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं। भाजपा राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, बजट मध्यम श्रेणी के जितने भी नागरिक हैं, उनके लिए स्वर्णिम दिन है।

## बजट में क्या हुआ सस्ता और क्या हुआ महंगा

**सस्ते होंगे मोबाइल फोन, एलसीडी-एलईडी टीवी, इलेक्ट्रिक कारें**



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को देश का आम बजट पेश कर दिया। बजट से सभी वर्गों को बड़ी उम्मीदें रहीं। सबसे बड़ी घोषणा मध्यमवर्ग और नौकरीपेशा के लिए रही। अब 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी टैक्स में कुछ छूट दी गई है। इसके अलावा किसानों, युवाओं, रोजगार और एमएसएमई के लिए भी बड़े एलान किए गए हैं।

**क्या-क्या होगा सस्ता**

6 जीवन रक्षक दवाएं, कैंसर दवाएं, मेडिकल उपकरण, लिथियम बैटरी, चमड़े के जूते, एलसीडी-एलईडी टीवी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रिक कारें, मोबाइल फोन, मोबाइल बैटरी, कपड़े इशसे पहले सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुआ। बैठक में बजट को अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद वित्त मंत्री राष्ट्रपति भवन गईं। यहां से संसद भवन आकर सुबह 11 बजे बजट भाषण शुरू किया।

**बहुत खास है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की यह साड़ी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जिस साड़ी को पहनकर बजट पेश कर रही हैं, वह बहुत खास है। यह साड़ी मधुबनी कला और पद्म अवार्ड दुलरी देवी का कौशल है।

## लोगों को महंगाई से मिली राहत, एलपीजी गैस सिलेंडर के घटे दाम



नई दिल्ली. बजट 2025 पेश होने से कुछ घंटे पहले देश के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिली है. देश के आम लोगों को गैस सिलेंडर की कीमतों पर राहत दी गई है. आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार गैस सिलेंडर के दाम में लगातार दूसरे महीने कटौती की गई है. कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई है. अगर बीते दो महीने की कटौती को जोड़ दिया जाए तो कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 20 रुपए से ज्यादा कम हो गए हैं. वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडार के दाम में मार्च 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है. लगातार दूसरे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में गिरावट देखने को मिली है. देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 7 रुपए की कटौती हुई है और दाम 1,797 रुपए हो गए हैं. कोलकाता में सबसे कम 4 रुपए की कटौती हुई है और दाम 1907 रुपए हो गए हैं. जबकि मुंबई और चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 6.5 रुपए की कटौती की गई है. जिसके बाद दोनों महानगरों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें क्रमश- 1749.50 रुपए और 1959.50 रुपए हो गई हैं. अगर बीते दो महीनों की बात करें तो देश की राजधानी दिल्ली औरमुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 21.5 रुपए सस्ता हुआ है. जबकि कोलकाता में 20 रुपए और चेन्नई में 21 रुपए की गिरावट देखने को मिली

## किसानों के लिए बजट में बड़ी घोषणा, प्रधानमंत्री धनधान्य योजना का ऐलान, क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख हुई



नई दिल्ली.(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज पेश किए गए बजट में किसानों के लिए एक नई योजना की घोषणा की है. इस योजना का नाम प्रधानमंत्री धनधान्य योजना रखा गया है. इस योजना के तहत राज्यों के साथ मिलकर काम करते हुए 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा.

वित्त मंत्री ने अपने भाषण में स्पष्ट किया कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला और किसानों की बेहतरी पर विशेष ध्यान दिया गया है. कृषि क्षेत्र में विकास, ग्रामीण इलाकों का विकास, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र में सुधार लाने पर भी जोर दिया जाएगा.

प्रधानमंत्री धनधान्य योजना के तहत देश के 100 जिलों में 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा. यह योजना केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयास से चलाई जाएगी. किसानों को अधिक सुविधा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है. कपास उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक नया मिशन शुरू किया जाएगा और किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने के लिए देश में नई यूरिया फैक्ट्रियां स्थापित की जाएंगी. इन सभी पहलों से किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी.

यह योजना किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है. इससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी. कुल मिलाकर, यह बजट किसानों के लिए काफी सकारात्मक है. सरकार द्वारा उठाए गए इन कदमों से कृषि क्षेत्र में सुधार आएगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी.

## बजट 2025 का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, बोले- विकसित भारत का सपना होगा साकार



नई दिल्ली-(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना रिकॉर्ड लगातार आठवां केंद्रीय बजट पेश किया। बजट को लेकर भाजपा नेताओं की भी प्रतिक्रिया आ रही है। भाजपा नेताओं ने बजट का स्वागत किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बेहतरीन बजट है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। राजनाथ ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष के बजट आवंटन से लगभग 9.5 प्रतिशत अधिक है और रक्षा बलों का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। और इसके लिए भी 2025-26 में 1.80 लाख करोड़ रुपये का पूंजी आवंटन किया गया है, जिससे हमारी सेनाओं की क्षमता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ जाएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बहुत जरूरी बड़ी राहत दी है।

## केन्द्रीय बजट 2025-26 मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात-मुख्यमंत्री



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कल्याणकारी, सर्व-स्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्ट-अप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि से परिपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में 2025-26 में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। बीते एक दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने समृद्धि के जो नए आयाम स्थापित किए हैं, उनमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में लिया गया यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशवासियों के कल्याण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले क्रांतिकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से आभार माना।

## एमपी भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के काफिले की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, फिर 100 किमी तक मचाया कोहराम



भोपाल (आरएनएस)। एयरपोर्ट रोड पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा के काफिले में शामिल एक गाड़ी में टक्कर मारने के बाद भागे ट्रक चालक ने फिल्मी स्टाइल में सौ किलोमीटर तक जमकर उत्पात मचाया। रोकने की कोशिश के दौरान उसने रास्ते में पड़ने वाले सभी थानों के सामने सड़क पर रखे स्टापर रौंद दिए, पुलिस के वाहनों को टक्कर मारी। टोल नाके पर भी स्टापर और बैरियर तोड़ दिया। पुलिस लगाातार उसका पीछा करती रही। अंततः पचौर क्षेत्र में किसी तरह ट्रक को रोककर उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया। उसका साथी ट्रक से उतरकर भाग निकला। इस दौरान गांधीनगर थाने के एएसआई सहित दो पुलिसकर्मी घायल भी हो गए। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक तेजी और लापरवाही से चल रहे ट्रक को रोकने का प्वाइंट मिला था। पुलिस ने थाने के सामने स्टापर लगा दिए थे। रात 9:20 बजे तेज रफ्तार ट्रक स्टापर तोड़ते हुए भाग निकला। इस दौरान वहां खड़े एएसआई नीरज चौपड़ा के पैर में चोट लग गई। घटना की सूचना मिलने पर परवलिया थाना पुलिस ने ट्रक को रोकने की कोशिश की, तो ट्रक पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। पुलिस ने ट्रक का पीछा करना जारी रखा। राजगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार राजगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद थाना प्रभारी देहात ब्यावरा स्वयं बल सहित टोल नाके पर पहुंचे। उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक रामदीन कीर, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, कपिल यादव, फूल सिंह व चालक प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा भी मौजूद थे। इसी दौरान नरसिंहगढ़ की ओर से उक्त ट्रक का ड्राइवर वाहन को तेज गति से चलाकर टोल नाके पर लाया। पुलिस स्टाफ व टोल कर्मचारियों ने उसे रोकने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उसने पीछे खड़ी पुलिस की गाड़ियों और अन्य वाहनों को कुचलने का प्रयास किया। इसमें थाना देहात ब्यावरा की मोबाइल, डायल 100 वाहन और अन्य गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने ट्रक का पीछा कर पचोर के पास उसे पकड़ लिया। ट्रक ड्राइवर अजय मालवीय पिता बाबूलाल, निवासी शुजालपुर को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी श्रीराम उर्फ करण परमार पिता चंदर सिंह परमार, निवासी शुजालपुर मौके से फरार हो गया।

## पाकिस्तानी सेना पर 80 से ज्यादा आतंकियों ने किया हमला, 18 सैनिकों की मौत, बढ़ सकती है संख्या

इस्लामाबाद. (आरएनएस)। पाकिस्तान से सबसे अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान में फिर आतंकियों ने पाकिस्तानी सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया है. रिपोर्ट के मुताबिक 80 से ज्यादा आतंकियों ने ये अटैक किया है, जिसमें 18 पाक सैनिकों की मौत हो गई है. इसमें 3 सैनिक गंभीर रूप से घायल हैं. इसके अलावा 12 आतंकियों के मारे जाने की खबर है. बलूचिस्तान में हुआ ये हमला इस इस साल का सबसे भीषण कहा जा रहा है. सूत्रों से मिली खबर के हवाले से बताया है कि बलूचिस्तान के मंगोचर शहर के पास पाकिस्तानी सेना का वाहन फ्रंटियर कोर के अर्धसैनिक बलों को लेकर जा रहा था, उनके पास हथियार नहीं थे. आतंकियों को पता था कि सैनिकों का ये वाहन वहां से निकलेगा. इसलिए 70 से 80 आतंकी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे. जैसे ही सेना की गाड़ी वहां से गुजरी आतंकियों ने वाहन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी. जिससे वाहन में बैठे 17 सैनिक और उनकी सहायता के लिए आए एक और अर्धसैनिक जवान की मौत हो गई. इस भीषण हमले में 3 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

**कांग्रेस ने बजट पर कसा तंज, कहा- वित्त मंत्री ने शुरुआत कृषि से की, लेकिन किसानों की मांगों पर चुप हैं**

## पटरी से उतर गया विकास का इंजन- जयराम रमेश



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात की बात की थी, लेकिन बजट पूरी तरह से पटरी से उतर गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वित्त मंत्री ने चार इंजनों की बात की।इतने सारे इंजन थे कि बजट पूरी तरह से पटरी से उतर गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए घोषणाओं की झड़ी लग गई है। यह स्वाभाविक है क्योंकि इस साल के अंत में वहां चुनाव होने हैं। लेकिन एनडीए के दूसरे स्तंभ आंध्र प्रदेश को नजर अंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि अरुण जेटली के नेतृत्व वाली भाजपा ने परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया, जिसे अंतरराष्ट्रीय कंपनियां तब चाहती थीं जब डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। अब ट्रंप को खुश करने के लिए, वित्त मंत्री ने इस अधिनियम में संशोधन की घोषणा की है।

**महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों का डाटा बजट से ज्यादा अहम- अखिलेश**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ 12 साल बाद आता है। हमारे लिए महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों का डाटा बजट से ज्यादा महत्वपूर्ण है। सरकार यह नहीं बता पा रही है कि कितने लोग मरे, लापता हुए या घायल हुए। सरकार ने जो मौतों का आंकड़ा दिया है वो झूठा है। आपने क्या इंतज़ाम किए हैं? ये सरकार कहती है कि हम हिंदुओं की पार्टी हैं लेकिन वो हिंदुओं के इस सबसे बड़े त्योहार के लिए इंतज़ाम नहीं कर पा रहे हैं। क्या यही है आपके विकसित भारत की परिभाषा कि लोग भगदड़ में मरेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 टैक्सेशन, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामक ढांचे इन छह क्षेत्रों में सुधार शुरू करेगा. अपने बजट भाषण में निर्मला सीतारमण ने पीएम धन ध्यान कृषि योजना की घोषणा की.

## कोरचोली-तोड़का के जंगल में मारे गए 8 नक्सली, 2025 में मुठभेड़ में 56 ढेर

बीजापुर (आरएनएस)। थाना गंगालूर क्षेत्र में 31 जनवरी को डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस 222 वाहिनी की संयुक्त टीम को पश्चिम बस्तर डिवीजन के प्रतिबंधित नक्सली संगठन के सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस बल ने इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चलाया।

अभियान के दौरान प्रातः 8:30 बजे से कोरचोली-तोड़का के जंगलों में पुलिस बल और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिली है।

पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए हैं। जिले की पुलिस ने जानकारी दी कि फिलहाल क्षेत्र में गश्त और सर्चिंग अभियान जारी है। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर मौजूद पुलिस बल वापस लौट रहा है, जिसके बाद पूरी जानकारी साझा की जाएगी।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कोतवाली में श्रीमती ज्योति जैन उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम देवरी जिला सागर वर्तमना पता संध्या टेडर्स ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मायके जबलपुर आयी है सुवह लगभग 8-30 बजे अपनी बहन लता जैन के साथ अशोक जैन नरघैया के घर से लार्डगंज जैन मंदिर आ रहे थे जैसे ही विजय कटपीस की गली आर्या कटपीस के नीचे पहुँचे एक व्यक्ति लगभग 30 से 35 वर्ष का जो काला कलर का टोपा काली जर्सी काला पेंट पहने था हमारे पास आया बोला आगे एक व्यक्ति खड़ा है वो आपको बुला रहे हैं आप उन्हें पहचानते हैं क्या तो उसने कहा कि नहीं पहचानते,

# आम आदमी और व्यापार के प्रति सकारात्मक बजट-जबलपुर चेम्बर


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में आज पेश हुए बजट को आम आदमी और व्यापार के प्रति सकारात्मक माना गया जिसमें सरकार द्वारा मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने की कोशिश की गई। वहीं इंजीनियरिंग और मेडिकल सीट बढ़ाने से युवा वर्ग को शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। बिजली उत्पादन में एटोमिक एनर्जी के इस्तेमाल से वृद्धि होगी। फुड प्रोसेसिंग क्षेत्र में नई संस्था खोलने का प्रावधान जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र को विकास प्रदान करेगा।




जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे का कहना है कि टेक्स स्लेब को 12 लाख रुपये तक बढ़ा कर अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रयास किया गया वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्करिंग हब बनाने की घोषणा छोटे उद्योगों को बढ़ावा देगी।

चेम्बर चेयरमेन कमल ग्रोवर द्वारा बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि मुफ्त की योजनाओं एवं रेवड़ियों पर लगाम कसनी चाहिए। कर विशेषज्ञ अनिल अग्रवाल द्वारा बताया गया कि इन्कम टेक्स के सरलीकरण के क्षेत्र में काफी अच्छे प्रावधान किए गए और खासकर स्टार्टअप युनिट को पांच साल का रजिस्ट्रेशन और बढ़ाया जाना स्वागत योग्य कदम है। चेंबर सचिव पंकज माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई को ऋण सुविधा बढ़ाए जाने का कदम छोटे उद्योगों को राहत प्रदान करेगा। चेम्बर सदस्य दीपक सेठी द्वारा कहा गया कि देश में खिलौने मैन्युफेक्करिंग में प्रावधान हेतु सरकार की प्रशंसा की गई। मोबाईल और व्हीकल बेटरी को सस्ता किया जाना स्वागत योग्य कदम बताया। कर अधिवक्ता अभिषेक ध्यानी द्वारा बताया गया कि सरकारी घाटा काफी बढ़ रहा है और जीएसटी सरलीकरण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए। चेम्बर उपाध्यक्ष नरिन्दर सिंह पांघे ने बताया कि टूरिज्म क्षेत्र में प्रावधान रोजगार हित में है लेकिन डीजल और पेट्रोल को जीएसटी में शामिल न होने से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी निराश है।जितेन्द्र पचौरी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ओर प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है, वही सुनील महावर जी ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख से 5 लाख तक बढ़ाने को अच्छा कदम बताया। चेम्बर कोषाध्यक्ष अजय बख्तावर जी ने बताया कि मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसे आने से सोने चांदी के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। चेम्बर प्रवक्ता शशिकांत पांडेय ने बताया कि सुक्ष्म उद्योगों को 5 लाख रुपये के क्रेडिट कार्ड देने के प्रावधान को अच्छा कदम बताया । चेम्बर सदस्य सुकुमाल जैन और सतीश जैन ने कपड़ा उद्योग क्षेत्र में कस्टम डयूटी कम किए जाने का स्वागत किया। चेम्बर सदस्य निखिल पहवा जी ने बताया कि उड़ान योजना के तहत नए एयरपोर्ट बनाने का स्वागत किया गया। सभी उपस्थित चेंबर सदस्य प्रीती चौधरी, महिमा पटवा, हद्रेश सोनी, सिद्धार्थ नायक, राकेश श्रीवास्तव, एवं अन्य ने बजट को अच्छा बताया। चेम्बर द्वारा आयोजित इस पत्रकार वार्ता में चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, नरिन्दर सिंह पांधे, अनिल अग्रवाल (सीए), अभिषेक ओसवाल, जितेन्द्र पचौरी, राकेश श्रीवास्तव, दीपक सेठी, जुगल किशोर तिवारी, शशिकांत पांडेय, धनंजय बाजपेयी, कर सलाहकार विजय अग्रवाल, उमेश ग्रावकर आदि उपस्थित थे।

# समग्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट- सांसद आशीष दुबे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आशीष दुबे ने 2025 के केंद्रीय बजट को देश के समग्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया जनहितकारी बजट निरूपित किया है।उन्होंने कहा कि इस बजट में

हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है और किसान,युवाओं,मध्यम वर्ग को प्राथमिकता देते हुए अनुकूल निर्णय लिए गए हैं।उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तावों से हर वर्ग को बहुत फायदा होगा।सांसद श्री दुबे ने कहा कि

भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है तब आज प्रस्तुत बजट भारत को और सशक्त बनाने में मील का पत्थर प्रमाणित होगा। श्री दुबे ने कहा कि हमारी सरकार के पूर्व दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ हर वर्ग की बेहतरी के लिए कदम उठा रही है जो आज प्रस्तुत बजट में भी परिलक्षित होता है।बजट में युवा , अन्नदाता और मातृशक्ति पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में आज का बजट शक्ति प्रदान करने वाला बजट है क्योंकि मध्यम वर्ग भारत के विकास को शक्ति प्रदान करता है और मध्यम वर्ग के लिए बजट में अत्यंत अनुकूल प्रस्ताव हैं। सांसद श्री दुबे ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है और आज का बजट उसी विश्वास को और दृढ़ कर रहा है।उन्होंने कहा कि नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा,इससे देश की आर्थिक शक्ति बहुत बढ़ जाएगी।उन्होंने कहा कि यह पिछले एक दशक में किए गए सबसे बड़े सुधारों में से एक है। इससे राजकोषीय घाटे से समझौता किए बगैर लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा होगा। यह प्रस्ताव बहुत सरल और तर्कसंगत है जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं के दाम घटाने के लिए कस्टम ड्यूटी घटाई गई है। 6 जीवनरक्षक दवायें और कैंसर की 36 दवाएं टैक्स फ्री की गईं हैं।सरकार का यह बजट प्रस्ताव अत्यंत जनहितकारी है। बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी की गई है,जिससे उपभोक्ताओं को भरपूर फायदा होगा। सांसद श्री दुबे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की घोषणा की है।इसे तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है,जो यह बताता है कि सरकार किसानों की बेहतरी के लिए अत्यंत गंभीर है।उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए 30 हज़ार रुपये का क्रेडिट कार्ड दिए जाने का प्रावधान भी बजट में किया गया है जिससे संबंधित वर्ग को बहुत सहूलियत होगी।सांसद श्री दुबे ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच के विकास के लिए स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना,सक्षम आंगनवाड़ी पोषण 2.0 में पोषण के लिए उचित राशि जारी करने के प्रावधान दूरदर्शी हैं। इसका 8 करोड़ बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती को लाभ मिलेगा।बजट में गिग वर्कर्स को लेकर अनुकूल घोषणा की गई है।सांसद श्री दुबे ने बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना को भी बजट का ऐतिहासिक प्रावधान बताते हुए कहा कि भारत का 90 प्रतिशत मखाना बिहार में होता है।यह प्रावधान बिहार के मखाना किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सांसद श्री आशीष दुबे ने आज प्रस्तुत बजट को भविष्य की रणनीति के हिसाब से बनाया गया बजट बताते हुए कहा कि आज के परिपेक्ष्य में इससे अच्छा बजट नहीं हो सकता था।

# शरद अग्रवाल ने किया केंद्रीय बजट का स्वागत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा दिया बजट। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल ने कहा मध्यम वर्गीय, व्यापारी, किसानों, महिलाओं, शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं रक्षा हेतु अच्छा बजट है। आय सीमा 12 लाख तक छूट से माध्यम वर्गीय परिवार,व्यापारी, किसानों आदि को लाभ होगा। लीथियम आयन बैटरी सस्ती होने से इलेक्ट्रिक वाहनों को सस्ता किया फलस्वरूप पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। एल ई डी एवं एल सी डी पर 2.5 फीसद कस्टम ड्यूटी से व्यापार में मध्यम आय वालों को लाभ, कपड़ो को सस्ता किया गया 7 स्वास्थ्य क्षेत्र में 37 प्रकार की दवाईयों में छूट देकर एवं मेडिकल उपकरणों को सस्ता किया गया 7 वरिष्ठ नागरिकों को विशेष छूट के साथ साथ कर्मचारियों को भी फायदा मिलेगा। नौजवानों एवं स्टार्ट अप युवाओं को बजट में मिली बढ़ोतरी से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे एवं देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बजट पर अपनी खुशी और प्रतिक्रिया वयक्त करते हुए श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया है

# अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला बजट,12 लाख तक की आय टैक्स से बाहर रखना क्रांतिकारी कदम-प्रभात साहू



जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में आम बजट 2025 पेश किया। इस बजट में मिडिल क्लास के लिए बड़ी राहत है।12 लाख तक की आय को टैक्स से छूट देने का कार्य मध्यम वर्गीय लोगों को सीधे तौर पर राहत देने वाला कदम है जो कि मिडिल क्लास की बचत और खर्च करने की सीमा बढ़ाएगा और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। प्रभात साहू ने कहा कि केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब 'मेक फॉर वर्ल्ड' की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बजट में समावेशी विकास पर विशेष फोकस देते हुए संतुलित विकास का रोडमैप दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, किसानों को आर्थिक संबल दिया गया है।

# जनहितैषी है भारत सरकार का बजट - निगमाध्यक्ष रिकुंज विज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्र सरकार द्वारा आज पेश बजट को निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने जनहितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों के लिए सभी जिला अस्पतालों में डे केयर सेन्टर की स्थापना होगी वहीं 36 प्रकार की दवाईयों को कर मुक्त किया गया है। श्री रिकुंज विज ने 12 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लगाने के निर्णय का भी स्वागत किया है और देश के लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत प्रदान की गई है।

# विकासोन्मुखी बजट है - हिमांशु खरे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आम बजट जहाँ बाज़ार में मुद्रास्फीति की दर को कम करने में सहायक होगा वहीँ बाज़ार में रूपये की आवक को बढ़ाएगा तथा बढ़ती महंगाई को कम करने में भी सहायता करेगा, यह कथन है प्रदेश की शीर्ष उद्योग व्यापार संस्था, फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे का। उन्होंने कहा की मध्यम वर्गीय जनसँख्या को आयकर में छूट से बाज़ार में रूपये की आवक बढ़ेगी तथा रियल एस्टेट, इन्सुरेन्स, म्यूच्यूअल फंडों आदि में भी निवेश बढ़ेगा। शहरी विकास - शहरों के उन्नयन की योजना में जबलपुर को भी लाया जा सकता है जिसमें यहाँ की नगरीय निकाय विकास के लिए आवश्यक धन राशि का पचास प्रतिशत अंश प्रदान कर अपना योगदान सिद्ध कर सकती है। परमाणु ऊर्जा - वर्ष 2040 तक 100 गीगावाट के परमाणु ऊर्जा मिशन में जबलपुर के समीप चुटका प्लांट को भी लाभ प्राप्त हो सकेगा। पर्यटन - भारत के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों के विकास के लिए केंद्र शासन का 50 प्रतिशत का अनुदान प्राप्त हो सकेगा। भेड़ाघाट को इसमें शामिल करने के प्रयास से यहाँ की अधोसंरचना में महत्वपूर्ण विकास हो सकेगा। इसी श्रंखला में पर्यटन सम्बन्धी कौशल विकास केंद्र भी यहाँ खोला जा सकता है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर - बजट में घोषित इस योजना से भारत में द्वितीय श्रेणी के शहरों में ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर आरंभ करने का प्रावधान है। जबलपुर शहर को इसमें सम्मिलित करने से कई स्वरूपों में जबलपुर को लाभ पहुंचेगा। राष्ट्रीय निर्माण मिशन - इस योजना के तहत सोलर सेल, इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरी, हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन उत्पादों के निर्माण को प्रोत्साहित करने का प्रावधान है। जबलपुर स्थित आईटी पार्क में उक्त वस्तुओं के निर्माण को प्रोत्साहित कर उक्त उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सकता है। हिमांशु खरे ने बताया की एमएसएमई सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद में 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। इस सेक्टर को बजट से लाभ प्राप्त होगा तथा आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में यह बजट महत्वपूर्ण एवं सहायक सिद्ध होगा।

# किसान हितैषी और गांवों के विकास व समृद्धि का बजट

## राघवेन्द्र सिंह पटेल अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख भारतीय किसान संघ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सरकार ने देश के समग्र किसानों का बजट में ध्यान रखते हुए किसान हितैषी और गांवों के विकास व समृद्धि का बजट प्रस्तुत किया है। प्रथम विकास का इंजन कृषि को रखकर कृषि से जुड़ी बड़ी ग्रामीण आबादी की चिंता की है। भारतीय किसान संघ ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की मांग की थी जिसे बजट में 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया गया है। इससे देश के सभी किसानों को लाभ होगा और खाद्यान्न उत्पादकता में वृद्धि दर्ज होगी। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना से देश के कम उत्पादकता वाले 100 जिलों में विकासशील जिला कार्यक्रम के क्रियान्वयन से कमजोर जिलों में कृषि रोजगार के अवसरों में वृद्धि से करोड़ों किसानों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बजट में मखाना बोर्ड बनाकर मखाने का उत्पादन, मार्केटिंग, प्रोसेसिंग व ब्रांडिंग कर किसानों को लाभ दिलाने की बात कही है। पूर्वोत्तर राज्यों में खाद की कमी को दूर करने सरकार असम में नया यूरिया प्लांट लगाने जा रही है जो स्वागत योग्य कदम है।

डेयरी व मछली उत्पादक किसानों के विकास के लिए ऋण योजना, दलहन व कपड़ा में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दलहन व कपास मिशन बनाने का ऐलान सरकार ने बजट में किया है। फल सब्जियों व श्रीअन्न के उत्पादन व लाभकारी मूल्य के लिए राज्यों के सहयोग से व्यापक कार्यक्रम चलाने की बात बजट में शामिल है। गांवों के विकास व किसान हितैषी केंद्रीय बजट का भारतीय किसान संघ स्वागत करता है। बजट में किसान सम्मान निधि न बढ़ने, कृषि आदान सामग्री पर जीएसटी खत्म और जैविक, प्राकृतिक खेती व तिलहन को बढ़ावा देने की योजना न होने से किसानों को निराशा हुई है।

# विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला सर्वसमावेशी, कल्याणकारी, इनोवेशन एवं समग्र विकास को समर्पित है बजट- डॉ अभिलाष पांडे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया. जिसमें मिडिल क्लास लोगों का खास ख्याल रखा गया है. घोषणा के मुताबिक अब 12 लाख की सैलरी तक वाले लोगों को कोई भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा. वित्त मंत्री के बजट पेश करने के बाद जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि हर कोई आपकी तारीफ कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है.

डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है इससे इससे नौकरीपेशा वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा होगा.बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो समृद्धि के नए आयाम स्थापित किए हैं, उसमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। निश्चित ही प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में किया गया यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले इस क्रांतिकारी कदम के लिए मध्यप्रदेश वासियों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का आभार-अभिनंदन।


**गरीब, युवा, अन्नदाता, नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला बजट**

डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार मिडिल क्लास पर फोकस किया है। साथ ही किसानों, महिला और युवाओं के लिए भी बड़े ऐलान किए हैं।सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड के तहत अब उधार की लिमिट को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पहली बार उद्यमी बनीं 5 लाख अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला उद्यमी के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, इसके तहत अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है. बजट में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद है. यह भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है.

डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि विशेष रूप से मध्यप्रदेश के लिए शहरी विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और टाउन प्लानिंग स्कीम के लिए यह फंड बड़ा अवसर बन सकता है। जल जीवन मिशन की समय-सीमा 2028 तक बढ़ाई गई है। इसमें 100॥ जल आपूर्ति कवरेज का लक्ष्य है। जिससे भोपाल और मध्य प्रदेश के अन्य शहरों को लाभ मिलेगा। 50 साल का ब्याज-मुक्त ऋण स्कीम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे- सड़क, परिवहन और जल निकासी में तेजी आएगी। स्क्कस्क्क॥ स्वामी फंड-2 से बड़े शहरों में कई रियल एस्टेट परियोजनाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# बजट- युवाओं के लिए कुछ नहीं है-सैय्यद ताहिर अली



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज के बजट पर सैय्यद ताहिर अली सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट पर मुहावरा इस बजट पर बिलकुल सटीक बैठता है - नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली ,पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने मिडिल क्लास से ?54.18 लाख करोड़ का इनकम टैक्स वसूला है, और अब वह 12 लाख तक का जो छूट दे रहें हैं, उसके हिसाब से वित्त मंत्री खुद कह रहीं हैं कि साल में ?80,000 की बचत होगी। यानि हर महीने मात्र ?6,666 की ! पूरा देश महँगाई और बेरोज़गारी की समस्या से जूझ रहा है,पर मोदी सरकार झूठी तारीफ़े बटोरने पर उतारू है। इस घोषणावीर बजट में अपनी खामियां छिपाने के लिए मेक इन इंडिया को राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन बना दिया गया है। बाकी सारी घोषणाएं लगभग ऐसी हैं।

युवाओं के लिए कुछ नहीं है।


मोदी जी ने कल वादा किया था कि इस बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वो बड़ा कदम उठाएंगे, पर बजट में कुछ ऐसा नहीं निकला। किसानों की आय दोगुना करने के लिए कोई रोड मैप नहीं , खेती के सामान पर त्रस्ज्ञ दर में कोई रियायत नहीं दिया गया। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, गरीब और अल्पसंख्यक बच्चों के स्वास्थ, शिक्षा, स्कॉलरशिप की कोई योजना नहीं । प्राइवेट इन्वेस्टमेंट कैसे बढ़ाना है, उसके लिए कोई सुधार का कदम नहीं है। गरीब की आय को बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया है। आसमान छूती महँगाई के बावजूद मनरेगा का बजट वही का वही है। श्रमिकों को आय बढ़ाने के लिये कुछ नहीं किया गया। जी.एस.टी के में कोई सुधार की बात नहीं की गई है। बेरोज़गारी को कम करने के लिए, नौकरियां बढ़ाने की कोई बात नहीं की गई। बाकी सभी योजनाएँ बस घोषणाएँ साबित हुईं। कुल मिलाकर ये बजट 2025 मोदी सरकार द्वारा लोगों की आँखों में धूल झोंकने का प्रयास है।

# इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी जबलपुर में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में नवीन पदाधिकारी बनाये गये

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में सम्पन्न बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरूषोत्तम तिवारी ने जबलपुर जिले में नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन किया।



जिसमें रूद्रप्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष, संजीव अग्रवाल को जिला महामंत्री, अरविंद खरे जिला मीडिया प्रभारी, संत कुमार रजक को जिला सचिव धर्मेन्द्र पटेल को सीहोरा अध्यक्ष एवं इंडियन स्टूडेन्ट यूनियन का शहर अध्यक्ष राजकुमार झारिया, मदन महल वार्ड अध्यक्ष सुजल रैकवार को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया, जिला अध्यक्ष ओ.पी. बिल्थरिया जिला महामंत्री बलराम श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री राहुल वर्मा, केशव पटेल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, प्रिंस पटेल, वार्ड अध्यक्ष जगदीश अरोड़ा आदि उपस्थित थे।



भोपाल- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि राज्य में वाटरशेड परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने इस योजना के तहत मध्यप्रदेश को 8 नई परियोजनाओं की स्वीकृति देने पर केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार भी जताया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने श्री पटेल को पत्र लिखकर डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश की तारीफ़ करते हुए राज्य में संचालित समस्त वॉटरशेड परियोजनाओं को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया था।

# जापान की बड़ी कम्पनियाँ म.प्र. में व्यापार करने को हुई तैयार- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की जापान यात्रा को मिले सुखद परिणाम व्यापार, संस्कृति और सहयोग पर रहा जोर

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुझे खुशी है कि जापान की बड़ी कम्पनियाँ मध्यप्रदेश में आकर अपने व्यवसाय और व्यापार को और अधिक बढ़ाने के लिये तैयार हैं। मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहाँ से उत्पादों को न केवल भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक भी आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इसका लाभ जापानी कंपनियों को तो मिलेगा ही साथ ही प्रदेश में औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पैनासोनिक और ब्रिजस्टोन जैसी कम्पनियों सहित जापानी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिये सहमति जताई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी 4 दिवसीय जापान यात्रा के दौरान व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के उद्योग, संस्कृति और तकनीक को करीब से समझने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का वातावरण बदल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में कई बौद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां धार्मिक स्थलों की यात्रा करने की परंपरा है। जापान की बौद्ध संस्कृति भगवान सूर्य और गौतम बुद्ध से भी जुड़ी हुई है, जिससे हमें अपनी साझा विरासत को समझने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापानी कंपनियां निवेश के फैसले लेने में बेहद सतर्क रहती हैं और गहन अध्ययन एवं शोध के बाद ही आगे बढ़ती हैं। जापान यात्रा के दौरान हमने जिन प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात कि सभी ने सकरात्मक रूख अपनाते हुए मध्यप्रदेश में निवेश करने की बात कही। उन्होंने बताया कि रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़े उद्यमियों से भी चर्चा हुई, जिन्होंने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावना को लेकर रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान की बुलेट ट्रेन में सफर किया और इसकी उन्नत तकनीक की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन परियोजना की बात कही है। ऐसी ही अन्य परियोजनाओं पर काम हो रहा है। जापान की सहायता से भारत में भी भविष्य में इसी तरह की अत्याधुनिक रेल परियोजनाओं को साकार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापानी लोगों की मेहमाननवाजी की भी सराहना की। उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि जापान के लोग न केवल अपने देश से प्रेम करते हैं, बल्कि भारत के प्रति भी उनके मन में विशेष सम्मान और आत्मीयता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में भारतीय दूतावास और वहां के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मध्यप्रदेश और जापान के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाई देने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान यात्रा के चौथे दिन क्योटो स्थित विश्व प्रसिद्ध किंकाकूजी (स्वर्ण मंदिर) का भ्रमण किया। पारंपरिक जापानी स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का प्रतीक यह मंदिर अपनी सोने की परतों से ढंकी भव्य संरचना और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया और जापानी संस्कृति में इसकी ऐतिहासिक महत्ता को करीब से समझा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर के सामने स्थित क्योकाची तालाब के किनारे कुछ समय बिताया, जहां मंदिर का प्रतिबिंब एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक धरोहरें सिर्फ स्थापत्य कला का उदाहरण नहीं होतीं, बल्कि वे एक सभ्यता की आत्मा को दर्शाती हैं। जापान ने अपनी संस्कृति को सहेजने का जो प्रयास किया है, वह प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जापान यात्रा सिर्फ सांस्कृतिक आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने जापानी धरोहर संरक्षण, पर्यटन विकास और वास्तुकला के नवाचारों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भी अपनी ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है और जापान से इस दिशा में बहुत कुछ सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जापान यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच निवेश के साथ सांस्कृतिक और औद्योगिक संबंधों को भी और अधिक सशक्त बनाना है। भ्रमण के दौरान उन्होंने जापान की परंपरागत और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखने की नीति को भी सराहा।

## पारंपरिक जापानी स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का प्रतीक है किंकाकूजी स्वर्ण मंदिर -डॉ. मोहन यादव



भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान यात्रा के चौथे दिन क्योटो स्थित विश्व प्रसिद्ध किंकाकूजी (स्वर्ण मंदिर) का भ्रमण किया। पारंपरिक जापानी स्थापत्य और बौद्ध संस्कृति का प्रतीक यह मंदिर अपनी सोने की परतों से ढंकी भव्य संरचना और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया और जापानी संस्कृति में इसकी ऐतिहासिक महत्ता को करीब से समझा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर के सामने स्थित क्योकाची तालाब के किनारे कुछ समय बिताया, जहां मंदिर की झलक पानी में प्रतिबिंबित होकर एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक धरोहरें सिर्फ स्थापत्य कला का उदाहरण नहीं होतीं, बल्कि वे एक सभ्यता की आत्मा को दर्शाती हैं। जापान ने अपनी संस्कृति को सहेजने का जो प्रयास किया है, वह प्रशंसनीय है।

## सौरभ शर्मा का दुबई में 150 करोड़ का बंगला, नौकरी के 7 साल में बनाई 550 करोड़ की संपत्ति, इस तरह होता था लेनदेन

भोपाल आरएनएस। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच जानकारी आई है कि ऋञ्जह्र में पदस्थ रहने के दौरान 7 साल में उसने काली कमाई करने में काफी जोर दिया। नौकरी के 7 साल के अंदर उसने 550 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित कर ली। 'धनकुबेर' ने दुबई में 150 रुपए का आलिशान बंगला भी बनवाया है।

**पेट्रोल पंप से लेकर मकान, हर धंधे में आजमाया हाथ**

लोकायुक्त की गिरफ्त में आने के बाद खुलासा हुआ है कि सौरभ शर्मा हवाला के जरिए लेनदेन किया करता था। उसने इंदौर,भोपाल और ग्वालियर में पत्नी दिव्या और सहयोगी चेतन के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी भी खरीदी। गोविंद सागर और राजघाट डैम में पत्नी के नाम पर मछली का ठेका भी लिया। स्कूल, पेट्रोल पंप, मकान, जमीन हर धंधे में हाथ आजमाया।

बता दें कि जांच एजेंसियों को 93 करोड़ से अधिक के दस्तावेज मिले हैं। साथ ही 18 रिश्तेदार और करीबियों के नाम सामने आए हैं। अब लोकायुक्त इनसे भी पूछताछ कर सकती है।

सौरभ, शरद और चेतन रिमांड में

सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर, शरद जायसवाल लोकायुक्त पुलिस की रिमांड पर हैं। सभी से लगातार पूछताछ की जा रही है। साथ ही जंगल में मिली लावारिस कार से बरामद किए गए 55 किलो गोल्ड और 10 करोड़ कैश के पीछे कौन है, तह अब भी जांच एजेंसियों के लिए एक राज है।

अब ये राज खुलना बाकी

चेक पोस्ट की रसीद उसके घर कैसे पहुंची?

कितने चेक पोस्ट से पैसे कलेक्ट करता था?

पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल थे?

चेक पोस्ट का कितना पैसा किसको जाता था?

फिल्मी स्टाइल में हुई थी गिरफ्तारी

गौरतलब है कि सौरभ शर्मा सोमवार (28 जनवरी) को कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था। लेकिन आवेदन के बाद अदालत ने जांच एजेंसी से डायरी मंगवाई थी, जिसके बाद उसे अगले दिन आने के लिए कहा। वकील के मुताबिक, सुबह 11 बजे जैसे ही सौरभ कोर्ट जा रहा था। लोकायुक्त ने उसे बाहर से ही गिरफ्तार कर लिया और लोकायुक्त ऑफिस ले गयी।

# सहकारिता वर्ष-2025 में हर माह होगा सहकारिता संबंधी भव्य आयोजन- मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता वर्ष-2025 में राज्य स्तर पर हर माह सहकारिता संबंधी एक भव्य आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और सहकारिता विभाग से जुड़े संबंधित विभागों के केन्द्रीय मंत्री के मुख्य आतिथ्य में हर माह कार्यक्रम होंगे। मंत्री श्री सारंग मंत्रालय में सहकारिता वर्ष-2025 के लिये राज्य स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इन कार्यक्रमों में देशभर के सहकारी आंदोलन से प्रख्यात जुड़े लोगों को भी जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि इस दौरान अन्य राज्य के दलों को आमंत्रित कर मध्यप्रदेश में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य वाली संस्थाओं का भ्रमण एवं प्रदर्शन करवाया जाये। इसके लिये जो स्टडी ग्रुप आयें, तो उनके साथ मध्यप्रदेश का एक दल उन्हें प्रदेश में किये गये नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के बारे में बखूबी जानकारी दे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य स्तर के साथ हर जिले और ग्राम पंचायतों में भी सहकारिता से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित हों। हर जिले में ग्रुप बनाये जायें और ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाये। साथ ही सहकार और सहकारिता के बारे में हायर एजुकेशन के विद्यार्थियों को जानकारी दी जाये। हर गाँव में सहकार सभा जैसे कार्यक्रम हों। इसमें सरपंच और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जन-जागरण किया जाये। बैंक का बिजनेस बढ़ाने के लिये अभियान चलाया जाये। कृषक और आमजन सहकारी बैंक से जुड़ें, इस पर फोकस किया जाये। वार्षिक कैलेण्डर में सहकारी मंथन, सहकारी सम्मेलन, ग्राहक जागरूकता सम्मेलन, पौध-रोपण अभियान, टर्म-लोन वितरण, नवीन केसीसी स्वीकृति, अमानत संग्रहण, विचार संगोष्ठी, सर्वोत्तम कार्य करने वालों का सम्मान जैसी गतिविधियों का भी समावेश किया जाये।

बैठक में प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री आलोक कुमार सिंह, पंजीयक सहकारिता श्री मनोज पुष्प, उप सचिव श्री मनोज सिन्हा, प्रबंध संचालक सहकारी संघ श्री ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक आवास संघ श्री रमाशंकर विश्वकर्मा, दुग्ध संघ के डॉ. दुरवार, संयुक्त पंजीयक श्री अमरीश वैद्य, संयुक्त पंजीयक वनोपज संघ श्री बी.पी. सिंह, ओएसडी अपेक्स बैंक सुश्री कृति सक्सेना, सचिव मत्स्य महासंघ श्री यतीश त्रिपाठी और उप सचिव श्री हिते-?द्र सिंह वघेला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सरल संयोजन पोर्टल और डिपॉजिट सुपरविज़न पोर्टल को किया एकीकृत

भोपाल-(आरएनएस) मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता सेवाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से सरल संयोजन पोर्टल तथा डिपॉजिट सुपरविजन पोर्टल को एकीकृत किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को विस्तार कार्य, ट्रांसफार्मर आदि के लिए अलग से आवेदन नहीं करना पड़ेगा। सरल संयोजन पोर्टल पर अब नए कनेक्शन के लिए आवेदनों के साथ-साथ मीटर बदलने, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, नो ड्यूज सर्टिफिकेट, ई-केवायसी, बिलों से संबंधित शिकायतों के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि सरल संयोजन पोर्टल के माध?यम से अब उपरोक्त सेवाओं के लिए भी नए कनेक्शन आवेदन के समान ही पंजीकरण शुल्क के साथ ही पूर्ण भुगतान एवं आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही अपलोड करने की सुविधा उपभोक्ताओं को उपलब?ध कराई है। प्रबंध संचालक ने कहा कि कंपनी क्षेत्रांतर्गत सबस्टेशन नवीनीकरण प्रणाली के माध्यम से 33/11 केवी सबस्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है। इसमें डिजिटल तकनीक का उपयोग करके नवीनीकरण कार्य की निगरानी मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। उन?होंने कहा कि ई-केवाईसी प्रक्रिया उपभोक्ताओं की जानकारी को अद्यतन करने का एक साधन है, जिससे मोबाइल नंबर, आधार और बैंक विवरण को अपडेट कर उपभोक्ता डेटा की सटीकता सुनिश्चित की जाती है।

## वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण किये वितरित

# राज्य और केन्द्र सरकार कर रही है बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता -स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह



भोपाल(आरएनएस) स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि राज्य और केन्द्र सरकार वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य का ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में कौंडिया से कामती तक 100 करोड़ रुपये लागत का बायपास रोड मंजूर हो चुका है। इसी के साथ गाडरवारा में रेलवे फाटक पर फ्लाई-ओवर बनाया जा रहा है, इससे नगर का यातायात सुगम होगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह शुक्रवार को गाडरवारा और ग्राम सालीचौका में वृद्धजन और दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित करने के बाद नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। गाडरवारा और सालीचौका के कार्यक्रमों में 396 वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को 595 सहायक उपकरण वितरित किये गये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति जन-सामान्य में मदद का भाव होना चाहिये। उन्होंने कहा कि निर्धन वर्ग का परिवार अपनी बेटी का विवाह सरलता से कर सके,

## मध्यप्रदेश बना जीसीसी नीति लागू करने वाला भारत का पहला राज्य

भोपाल- (आरएनएस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भारत की पहली समर्पित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (त्रष्टष्ट) नीति 2025 लागू की है। इससे राज्य नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर हो गया है। यह नीति भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे टियर-2 शहरों को वैश्विक परिचालन केंद्रों के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे भारत में विस्तार की चाह रखने वाले व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी लाभ मिलेगा। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी-2023 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए यह नई नीति मध्यप्रदेश को एक सशक्त जीसीसी ईको सिस्टम प्रदान करने और राज्य को भारत के तकनीकी विकास में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हाल ही में इस नीति को कैबिनेट की स्वीकृति मिल चुकी है, जो इसके रणनीतिक महत्व और प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। भारत पहले से ही वैश्विक जीसीसी परिदृश्य में अग्रणी है, जहां इसका 50त्न से अधिक बाजार हिस्सेदारी है और 2023 में यह सेक्टर 46 अरब डॉलर का था, जो 2030 तक 110 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है।

# मध्य प्रदेश : भिंड में रेत माफिया ने कलेक्टर पर किया पथराव

भिंड (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने निकले कलेक्टर पर ही रेत माफिया से जुड़े लोगों ने पथराव कर दिया। सुरक्षा जवानों को रेत माफिया के खिलाफ मोर्चा संभालना पड़ा, हवाई फायर भी करना पड़ा। इस पथराव में कलेक्टर को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार भिंड जिले में चल रहे अवैध खनन की शिकायत काफी समय से आ रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने ककरा रेत खदान क्षेत्र में पहुंचकर निरीक्षण किया तो उन्हें इस दौरान पहले खाली ट्रैक्टर ट्रॉली मिली, जिस पर उन्होंने कार्रवाई नहीं की, मगर बाद में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मिली। इस ट्रैक्टर ट्रॉली को उन्होंने जब्त कर थाने भेज दिया।

इस बात की जानकारी मिलते ही कुछ लोग कलेक्टर से बातचीत करने आ गए, लेकिन उन्होंने बातचीत के दौरान ही पथराव कर दिया। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा कर्मियों ने हवाई फायर कर इन बदमाशों को खदेड़ा। इतना ही नहीं, हमलावरों ने पथराव किया, जिसमें कलेक्टर को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

थाना प्रभारी शिव प्रताप सिंह राजावत के मुताबिक आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्हें जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। वहीं बताया गया है कि कलेक्टर श्रीवास्तव की खनन काम में लगे लोगों से बहस भी हुई थी।

भिंड और मुरैना में बड़े पैमाने पर रेत माफिया और खनन माफिया सक्रिय रहते हैं। इस इलाके में इन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करना आसान नहीं है। जब भी प्रशासनिक अमला कोई मुहिम चलाता है, तो यह माफिया उनसे टकराने तक तैयार हो जाते हैं। अब से कोई एक दशक पहले मुरैना जिले में एक आईपीएस अधिकारी को भी खनन माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला था। अभी पिछले दिनों ही ग्वालियर में जमीन का सीमांकन करने पहुंचे राजस्व अमले पर भी ग्रामीणों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला बोला था।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने 33 करोड़ 66 लाख से निर्मित सीएम राइज स्कूल मल्हारगढ़ और 1 करोड़ 31 लाख से निर्मित एसडीएम कार्यालय का किया लोकार्पण

# सीएम राइज स्कूल से बच्चों का गुणात्मक शैक्षणिक विकास होगा-उप मुख्यमंत्री देवड़ा



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सर्व सुविधायुक्त सीएम राइज स्कूल बनने से बच्चों में गुणात्मक शैक्षणिक विकास होगा। उन्होंने शुक्रवार को मंदसौर जिले के मल?हारगढ़ में 33 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीएम राइज स?कूल एवं 1 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से निर्मित एसडीएम कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चे जो प्राइवेट स्कूल में नहीं पढ़ सकते हैं। लेकिन उनके माता-पिता की बहुत इच्छा होती है कि उनके बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़े। ऐसे गरीब परिवारों की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए सीएम राइज स्कूल बनाए गए। जहां पर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियां उपलब्ध होंगी। सरकार ऐसे शासकीय विद्यालय बना रही है, जहाँ पर हर परिवार अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेज सकते है। सरकार ने गरीबों, महिलाओं, किसानों एवं युवाओं के लिए काम किया है। उनकी चिंताओं को समझा है। सरकार ने आगामी 25 साल का रोडमैप बनाया है, जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। हर हाथ के लिये काम हो, सभी के लिये इलाज हो, शिक्षा हो, यह सरकार ने कर दिखाया है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को 5 लाख तक का इलाज मिल रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, श्री राजेश दीक्षित, श्री मदन लाल राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, मल्हारगढ़ एसडीएम श्री रविंद्र परमार, प्राचार्य, स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.

## हिंडनबर्ग रिसर्च भंग

अमेरिकी निवेश व अनुसंधान कंपनी हिडनबर्ग रिसर्च ने अचानक अपना कारोबार समेटने का ऐलान कर दिया। कंपनी के संस्थापक नेट एंडरसन ने अपने परिचितों, परिवार व मित्रों का हवाला देते हुए वेबसाइट पर पर्सनल नोट में लिखा- मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का फैसला किया है। नेट ने कहा यह अचानक लिया गया फैसला नहीं है। काफी सोच-समझकर लिया गया फैसला है। 2017 में हिंडनबर्ग रिसर्च का गठन करने वाले एंडरसन ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताते हुए, जीवन का मुख्य केंद्र नहीं है कहा। अमेरिकी अकाउंटेंट हैरी माकरेपोलस को अपना रोल मॉडल मानने वाले एंडरसन ने ऐसे वक्त यह घोषणा की है, जब अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने वाले हैं। आलोचकों के अनुसार जॉर्ज सोरेस के साथ हिंडनबर्ग के कथित संबंधों व ट्रंप प्रशासन के दबाव का अंदेशा व्यक्त किया है। इस शॉर्ट सेलिंग कंपनी को 2024 में भारतीय बाजार नियामक संस्था सेबी द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। क्योंकि कंपनी ने सेबी प्रमुख माधवी बुच पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप मढे थे। उससे पहले हिंडनबर्ग ने देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अडाणी पर गंभीर आरोपों द्वारा भारत में सुर्खियां बटोरी थीं।

समूह के मालिक गौतम अडानी पर अपनी ही कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी कर सौ अरब डॉलर कमाने का आरोप था। रिपोर्ट सार्वजनिक होते ही अडानी ग्रुप को डेढ़ सौ अरब डॉलर का नुकसान होते ही वह विश्व के बीस अतिसमृद्धों की सूची से बाहर हो गए। हिंडनबर्ग की रिपोटरे का हवाला देकर विपक्ष ने एकजुट होकर मोदी सरकार पर हमला बोल दिया था।

# आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है।

दिनांक 31 जनवरी 2025 को भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा लोक सभा में देश का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा। आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इसे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है।

लोक सभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में चल रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत के आर्थिक विकास पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, परंतु, चूंकि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है अत: वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच में रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई दी है और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि देश में अच्छे मानसून के चलते रबी की फसल के बहुत अच्छे स्तर पर रहने की सम्भावना है और इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर भी कम होगी, जिससे नागरिकों के हाथ में अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी। आज केवल खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर कुछ अधिक मात्रा में बनी हुई हुई है अन्यथा कोर महंगाई की दर तो पूर्व में ही नियंत्रण में आ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अर्द्धवार्षिकी में समग्र महंगाई की दर भी नियंत्रण में आ जाएगी। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। भारत आज अपने कच्चे तेल की कुल मांग का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें कम होंगी तो भारत में महंगाई भी कम होगी।

विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। अत: विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भूमि, श्रम एवं पूंजी की लागत को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता है ताकि इन इकाईयों की उत्पादकता में सुधार हो सके एवं इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम हो सके। विनिर्माण क्षेत्र में कार्य कर रही इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है।

सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है एवं इस क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अतुलनीय बनी हुई है। भारत में वर्तमान में महाकुम्भ मेला चालू है। आज प्रतिदिन एक करोड़ के आसपास श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। रेल्वे द्वारा प्रतिदिन लगभग 3,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए कुछ आंकड़ों के अनुसार, महाकुम्भ मेले से उत्तरप्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यवसाय एवं 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय उत्तरप्रदेश सरकार को होने की सम्भावना है। रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। यह समस्त कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन, होटल व्यवसाय, छोटे छोटे उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज करने में सहायक हो रहे हैं बल्कि इससे देश के सेवा क्षेत्र में भी विकास दर तेज हो रही है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी अधिक होगी उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अधिक रहेगी क्योंकि विभिन्न उत्पादों को खरीदने के लिए अर्थव्यवस्था में मांग तो इसी वर्ग के माध्यम से उत्पन्न होती है। अत: देश में प्रयास किए जाने चाहिए कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अधिक राशि उपलब्ध रहे। भारत में हालांकि समावेशी विकास हुआ है क्योंकि गरीबों की संख्या में तेजी से एवं भारी मात्रा में कमी दर्ज हुई है। परंतु, गरीबी रेखा से हाल ही में ऊपर आकर मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी शामिल हुए परिवार कहीं फिर से गरीबी रेखा के नीचे नहीं चले जायें, इस सम्बंध में भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।

## मंदी के चपेट में आने वाली है भारतीय अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

बजट सप्ताह के पहले दिन यानी 27 जनवरी को शेयर बाजार में निवेशकों को 9.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। विगत कुछ दिनों से निवेशकों को शेयर बाजार में लगातार नुकसान हो रहा है।

हालांकि, इसका कारण देश में मंदी की आहट कतई नहीं है। इसका मुख्य कारण अमेरिका के सेंट्रल बैंक द्वारा भारत में बजट पेश करने से पहले नीतिगत निर्णय की घोषणा करने की संभावना, चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप डीपसीक मॉडल की लोकप्रियता में वृद्धि, भारतीय कंपनियों के दिसम्बर तिमाही के नतीजे का अपेक्षित नहीं रहना आदि हैं। दरअसल, भू-राजनैतिक संकट, लाल सागर में हूती विद्रोहियों की उपस्थिति आदि के कारण भारत के आयात-निर्यात तथा आपूर्ति श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों में कमी आने के कारण कंपनियों का तिमाही मुनाफा कम हो रहा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 7 जनवरी 2025 को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी किया और इस अवधि में रियल जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त के दौरान 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रियल जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसार नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9.7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है, लेकिन भारत में जीडीपी गणना एवं लेखा-जोखा रियल जीडीपी के संदर्भ में की जाती है।

भारत की अर्थव्यवस्था मूल रूप से खपत आधारित है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुद्रास्फीति के कारण उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता कम हुई है।

## राजनीति की गहरी परतों से रूबरू कराता पाताल लोक

पंकज दुबे

'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है। इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं।

2025 की शुरुआत, दर्शकों के लिए वेब सीरीज़ की दुनिया में एक सुनहरा दौर लेकर आई है। पहले विक्रमादित्य मोटवानी की 'ब्लैक वारंट' ने दर्शकों का मन मोहा, और अब बहुप्रतीक्षित सीरीज़ 'पाताल लोक' के दूसरे सीज़न ने मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। जहां पहला सीज़न अपने उत्कृष्ट लेखन और दिलचस्प किरदारों के लिए मशहूर हुआ था, वहीं दूसरा सीज़न उस विरासत को और भी भव्यता के साथ आगे बढ़ाता है।

इस बार की कहानी इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी (जयदीप अहलावत) और एसीपी अंसारी (इश्वाक सिंह) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी अपनी जांच के दौरान ऐसे मोड़ पर पहुंचते हैं, जहां उनकी राहें आपस में टकरा जाती हैं। इस टकराव के बाद उन्हें नागालैंड की ओर रुख करना पड़ता है, जहां एक बड़ी राजनीतिक और सामाजिक समस्या उभरती हुई दिखाई देती है। कहानी नागालैंड और दिल्ली के बीच घूमती है, जिसके केंद्र में नॉर्थ ईस्ट के एक बड़े लीडर की देश की राजधानी में हुई राजनीतिक हत्या है, जिससे इस कहानी की शुरुआत होती है।

सीरीज़ में तीन मुख्य पहलुओं को गहराई से उजागर किया गया है। पहला है मानवीय संबंधों की जटिलता। इस कहानी में ह्यूमन रिलेशन्स और उनकी बारीकियों पर बहुत गहराई से काम किया गया है। इस कहानी का लेखन और इसकी मेकिंग इसे बस एक फ़िल्मी शो बनाने से बचाती है और ज़मीन से जोड़कर ही नहीं, बल्कि गाड़कर रखती है। फिर चाहे नागालैंड का केस हो और वहां मिले लोग या फिर ज़िंदगी की उथल पुथल में कई बार चक्की में पिसते अनजान और मासूम लोग, सभी किरदारों पर काफी एम्पथी से नज़र डाली गई है। दूसरा अहम् पक्ष है, 'दोस्ती का महत्व और ताकत'। इस कहानी में किरदारों की दोस्ती और उस दोस्ती की ताकत को काफी वास्तविक तरीके से रेखांकित किया गया है। कहानी के सभी सबप्लॉट्स इतने ज़मीनी और आम ज़िंदगी से जुड़े हुए लगते हैं, जैसे कि तमाम घटनाक्रम अपने आस पास के ही हों। पाताल लोक की कहानी का तीसरा मज़बूत आयाम है इसके मुख्य किरदार इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी का अपने कर्तव्यों को निभाने का जुनून। वो हमेशा अपनी दाल रोटी चलाने वाली नौकरी और समाज व इंसानियत के प्रति अपनी ड्यूटी को अलग अलग परिभाषित करके जीता है। उसके लिए उसकी प्रतिबद्धतता सिर्फ़ ऑफिस तक सीमित नहीं रह कर उसके दिल, उसकी भावना से जुड़े होते हैं और वो बिना अपनी परवाह किये बिना उसे सुलझाने में लगा रहता है।

## बसंत पंचमी पर जरूर करें इन मंत्रों का जाप, मां सरस्वती की बरसेगी कृपा

बसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। इस दिन मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। बसंत पंचमी के दिन यदि भक्त सच्चे मन से मां सरस्वती के मंत्रों का जाप करते हैं, तो उन्हें बुद्धि, विद्या और संगीत में सफलता मिलती है।

साथ ही जातक को मां सरस्वती की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनका बसंत पंचमी पर जाप करने से मां सरस्वती प्रसन्न होती हैं।

सरस्वती वंदना मंत्र या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता सा मां पातु सरस्वती भगवती नि:शेषजाड्यापहा सरस्वति नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि. विद्यारम्भं करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा। ? ऐं सरस्वत्यै नमः ? वद-वद वाग्वादिनी स्वाहा ? ह्रीं ऐं ह्रीं सरस्वत्यै नमः या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

## पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार 卐संघ परिवार卐 जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई।

## बसंत पंचमी के दिन करें गुलाल के कुछ खास उपाय, कार्य में सफलता प्राप्त होगी

सनातन धर्म में बसंत पंचमी का त्योहार का काफी महत्व है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की विधि-विधान से पूजा की जाती है। बसंत पंचमी के दिन गुलाल के कुछ खास उपाय करने के स कार्य में सफलता प्राप्त होती है। आइए आपको इस लेख में बताते है गुलाल के कुछ उपाय, जिन्हें आप कर सकते हैं।

इस बार बसंत पंचमी का त्योहार 2 फरवरी को मनाया जा रहा है। इस दिन विद्या, संगीत, कला और ज्ञान की देवी सरस्वती का जन्म दिवस को मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती का प्राकट्योत्सव मनाया जाता है। बसंत पंचमी का यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। चलिए आपको बताते हैं कि इस दिन सरस्वती पूजा के दिन गुलाल के उपायों के बारे में, जिन्हें आप जरुर करें।

बसंत पंचमी के दिन अपनी विद्या और कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए गुलाल विशेष रुप से पीला गुलाल से तिलक करें। इसे माथे पर लगाना आपके ज्ञान के स्तर को बढ़ाने और कार्य में सफलता की दिशा मदद कर सकता है।

## फर्नेस ऑयल और पिटकोक ईंधन बन रहा मौत का वाहक

वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रुप में उपयोग से नदी-नालें, जलवायु, पेड़-पौधें, यहां तक की पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं।

प्रदूषण को लेकर दुनिया में भले ही कितनी भी चिंता व्यक्त की जाती हो, कितने ही बड़े बड़े सम्मेलन होते हो, दुनिया के देशों के प्रमुखों द्वारा कितनी ही साझा बैठकें कर चिंता व्यक्त की जाती हो, कितनी ही गंभीरता का ताना-बाना बुना जाता हो पर धरातल पर देखे तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले और गंभीर चिंता का कारण है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की 2024 की रिपोर्ट की ही माने तो वायु प्रदूषण अकारण मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। ग्लोबल एयर की ही रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में सालाना 81 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत का शिकार हो जाते हैं। यदि भारत की ही बात करें तो सालाना 21 लाख लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जिंदगी की जंग हार जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि दुनिया के देशों में होने वाली 8 मौतों में से एक मौत का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है।

ऐसा नहीं है कि सरकारें या न्यायालय या विश्व के राजनेता इससे चिंतित नहीं हो, अपितु लाख गंभीरताओं के बावजूद जो परिणाम सामने आ रहे हैं वह कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था की पोल खोल कर ही रख रहे हैं। अब भारत की ही बात की जाए तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2017 में एक जनहित याचिका पर निर्णय करते हुए फर्नेस ऑयल और पिटकोक के उपयोग पर रोक लगा दी गई। खासतौर से एनसीआर से जुड़े प्रदेशों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में यह रोक लगाई गई। इसी के क्रम में उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक प्रदेशों में इसको लेकर गाईड लाईन जारी की जा चुकी है। पर इस सबके बावजूद पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़े साफ साफ चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। इस साल ही अप्रेल, 24 से दिसंबर, 24 तक के आंकड़ें बताते हैं कि रोक व सख्ती के बावजूद नौ माह में ही 49 लाख 95 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का घरेलू उपयोग हुआ है। इसी तरह से पिटकोक का उपयोग 161 लाख 12 हजार मैट्रिक टन रहा है। तस्वीर का एक पहलू यह है कि 1997-98 में देश में 114 लाख 94 हजार मैट्रिक टन फर्नेस ऑयल और एलएसएचएस का उपभोग हो रहा था वहीं 1997-98 में 2 लाख 77 हजार मैट्रिक टन पिटकोक का उपभोग हो रहा था। इसके बाद हांलाकि फर्नेस ऑयल व अन्य के उपयोग में उतार चढ़ाव रहा है पर जहां तक पिटकोक के उपयोग में बेतहासा बढ़ोतरी हुई है। खासतौर से रियल एस्टेट ने पिटकोक के उपयोग को कई गुणा बढ़ा दिया है वहीं पिछले कुछ सालों से फर्नेस ऑयल व एलएसएचएस का उपयोग में कोई खास कमी नहीं आ रही है। बल्कि सारी बात साफ होती जा रही है कि वायु प्रदूषण में प्रमुख भूमिका निभा रहे इन दोनों ईंधनों के उपयोग पर जो कार्रवाई न्यायालय के आदेशों की भावना और एनजीटी के प्रयासों से होना चाहिए था वह कम से कम धरातल पर तो दिखाई नहीं दे रही है।

दरअसल देखा जाए तो फर्नेस ऑयल व पिटकोक गैर नवीकरणीय जीवाश्म ईंधन है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि इनका अनुचित स्टोरेज तक भूमि और भूजल दोनों को नुकसान पहुंचाने वाला है। जब स्टोरेज करने मात्र से नुकसान पहुंचाने वाला है तो इस ईंधन को जलाने से कितना नुकसान हो सकता है इसकी गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से ग्रीन हाउस में हानिकारक कण फैलते हैं और देखा जाए तो हवा में जहर घुलने लगता है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिटकोक और फर्नेस ऑयल में सल्फर हैं। पेटकोक में 65 हजार से 75 हजार पीपीएम और फर्नेस ऑयल में 22 हजार पीपीएम स्तर है। वायु प्रदूषण में पीपीएम का मतलब साफ है कि हवा में गैस के प्रति मिलियन भाग है। रसायन विज्ञान में वायुमण्डल के गैसों की सांद्रता को बताने के लिए पीपीएम का प्रयोग किया जाता है। फर्नेस ऑयल या पिटकोक के ईंधन के रुप में उपयोग से नदी-नालें, जलवायु, पेड़-पौधें, यहां तक की पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। जहां तक आम आदमी की बात है तो फर्नेस ऑयल के ईंधन के रुप में उपयोग से वायु प्रदूषण तो होता ही है साथ ही सीधे सीधे यह हमारें फेफड़ों को प्रभावित करता है। इससे फेफड़ों की क्षमता कम होने के साथ ही सांस जनित रोग यहां तक की फेफड़ों के कैंसर की संभावनाएं तेजी से बनती है। दमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जिसे सीओपीडी भी कहते हैं और फेफड़ों के कैंसर की संभावना बन जाती है। इसके साथ ही इससे जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियां जकड़ने लगती है। यह सब जानकारी में होने के बावजूद फर्नेस ऑयल या पिटकोक जिसे पेट्रोलियम कोक भी कहते हैं के उपयोग में जिस तरह से कमी आनी चाहिए थी या जिस तरह से इनके विकल्प के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए था वह हो नहीं पाया और सब कुछ होने और सरकार के पास आंकड़े होने के बावजूद इनके उपयोग पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है।

दरअसल सस्ता ईंधन होने के कारण फर्निस ऑयल आदि का उपयोग इण्डस्ट्रीज में तो हो ही रहा है मेट्रो सिटीज ही नहीं बल्कि अब तो छोटे बड़े शहरों में भी होटलों, ढ़ाबों, रेस्ट्राओं, बड़े चाट-पकोड़ी आदि फास्ट फूड बनकार बेचने वालों द्वारा आम होता जा रहा है। मजे की बात यह है कि फर्नेस ऑयल जैसे वायु प्रदूषण का कारक और स्वास्थ्य के लिए अति गंभीर ईंधन का उपयोग हो रहा है और इसकी पुष्टि पेट्रोलियम प्लानिंग एण्ड एनालिसिस सेल के आंकड़ें सिद्ध कर रहे हैं। ऐसे में एनजीटी, राज्यों के पर्यावरण मंत्रालय, पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। एक और जहां अवेयरनेस की आवश्यकता है तो फर्नेस ऑयल का उपयोग करने वालों को समझाइस के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सख्ती भी करनी होगी। एक और देश ग्रीन एनर्जी और ईंधन के रुप में एलपीजी से भी एक कदम आगे सीएनजी और पीएनजी की और तेजी से आगे बढ़ रहा हैं

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने कार्यों के प्रति व्यस्त रहें।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। पुरानी परेशानियों से राहत मिल सकती है। दोबारा आत्मविश्वास और ऊर्जा से अपने काम में लग जाएंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें,

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोप्टर्री से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी।


वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल भी मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा । आपका कार्य करने का तथा सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज केंद्रीय बजट 2025 में कर कटौती की सराहना करते हुए कहा कि मध्यम वर्ग हमेशा पीएम मोदी के दिल में है। 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले लोगों को पूरी छूट देने वाले टैक्स ब्रैकेट में बदलाव की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग की वित्तीय भलाई को बढ़ाने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने एक्स ( पूर्व में ट्विटर ) पर एक पोस्ट में कहा, 卐इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को बधाई।



# सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को कहा 'पूअर लेडी'

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा कई गई टिप्पणी से सियासत गर्मा गई है। सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कहा, वो क्क्शशह्ल ख्रुस्र4 हैं और अभिभाषण के बाद थक गई थीं।

दरअसल, संसद परिसर में जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा तो सोनिया ने राष्ट्रपति को क्क्शशह्ल ख्रुस्र4 (बेचारी महिला) कह डाला। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुरानी चीजों को ही रिपीट कर रही थीं। इसके बाद सोनिया ने कहा कि राष्ट्रपति काफी थक गई थीं। वो बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं। खराब बातें बोली क्क्शशह्ल ख्रुस्र4।

अब इसे लेकर राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताया। एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा, हम बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए क्क्शशह्ल शब्द के इस्तेमाल की निंदा करते हैं। कांग्रेस जानबूझकर ऐसा करती है, जो उसकी गरीब-विरोधी और आदिवासी विरोधी सोच को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे।

माफी मांगे सोनिया गांधी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी ने अभिभाषण को लेकर जो बयान दिया वह सही नहीं है। राष्ट्रपति ने बुलंदी के साथ अपनी बात रखी है। सोनिया गांधी को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि वह बार-बार लॉन्च नहीं हो पाते हैं।

**अनिल विज के तेवर से डरी सैनी सरकार, डीसी को हटाया; मंत्री बोले- हेलिकॉप्टर पर ही रहते हैं सीएम**

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा में अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के तेवरों से नायब सैनी सरकार बैकफुट पर आ गई है। सरकार ने अंबाला के डीसी पार्थ गुप्ता को हटाकर उनकी जगह अजय सिंह तोमर को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्थ गुप्ता को यमुनानगर का डीसी लगाया गया है। सैनी सरकार ने कुल आठ आईएएस अधिकारियों का भी तबादला किया है। वहीं, दूसरी तरफ अनिल विज का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि जब से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं, हेलिकॉप्टर पर रहते हैं। अगर हेलिकॉप्टर से नीचे उतरेंगे तो लोगों के दुख-दर्द सुनेंगे।

दरअसल, अनिल विज इस बात पर नाराज है कि कुछ दिन पहले उन्होंने अंबाला कैंट सदर थाने के एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया। गृह मंत्रालय मुख्य मंत्री नायब सैनी के पास ही है। विज के गृह जिले में ही उनके आदेश लागू न होने से वह आहत थे। उन्होंने यहां तक चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो वे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की तरह अनशन करने को भी तैयार हैं। जिसके बाद आज सैनी सरकार ने इस मामले को लेकर कदम उठाया है।

'मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों के पीछे किसी बड़े नेता का हाथ' मंत्री अनिल विज ने एक बार फिर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोगों ने मुझे चुनाव हराने की कोशिश की थी लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी उन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव के दौरान मुझ पर हमला करवाया गया, मरवाने की कोशिश की गई। पहले मुझे शक था कि कोई बड़ा नेता इसके पीछे है लेकिन अब विश्वास है कि इस साजिश के पीछे कोई बड़ा नेता ही है। इसकी शिकायत मैंने हाईकमान से की थी लेकिन 100 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं, हेलिकॉप्टर पर रहते हैं। अगर हेलिकॉप्टर से नीचे उतरेंगे तो लोगों के दुख दर्द सुनेंगे। मंत्री अनिल विज के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तरह आंदोलन करने के पत्रकारों के सवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी टालते हुए नजर आए।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.



नई दिल्ली में 2025 के बजट सत्र में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू संसद भवन में.

# बजट सत्र 2025 : आर्टिकल 370 से लेकर डिजिटल फ्रॉड तक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण की बड़ी बातें

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के कामों को गिनाया। साथ ही %एक राष्ट्र, एक चुनाव% और वक्फ संशोधन जैसे विधेयक का जिक्र किया।

राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण से जुड़ी 10 बड़ी बातों पर नजर डालते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'सबका साथ, सबका विकास' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है और इसी पर हम काम कर रहे हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना से सरकार आगे बढ़ रही है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का वातावरण हुआ है।

उन्होंने देश के बुनियादी ढांचे के बढ़े बजट का जिक्र किया। संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हमारा एक ही लक्ष्य है, विकसित भारत बनना। 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा है।

राष्ट्रपति ने भारत में टेक्नोलॉजी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, दुनिया के विकसित देश भी भारत की यूपीआई लेनदेन प्रणाली की सफलता से प्रभावित हैं। भारत टेक्नोलॉजी का ग्लोबल प्लेयर है, यहां डिजी लॉकर और यूपीआई जैसी सेवाएं हैं।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, आज हमारे युवा स्टार्टअप से लेकर खेल और अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी अपनाने के क्षेत्र में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, इनोवेशन में भारत आगे है।

भारत में गरीबी को मात देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा, गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। हमने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है।

राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन की तैयारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के सम्मान के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के यूनिफाइड पेंशन के तहत 50 फीसदी निश्चित पेंशन देने का फैसला लिया गया है।

देश में बढ़ते पेपर लीक मामलों पर भी राष्ट्रपति बोलीं। राष्ट्रपति ने कहा कि पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू हुआ। छात्रों को उच्च शिक्षा में सहायता के लिए योजना शुरू की गई। 500 कंपनियों में इन्हें इंटर्नशिप भी दी जाएगी।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' समेत कई विधेयकों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, सरकार ने %एक राष्ट्र, एक चुनाव% और वक्फ संशोधन विधेयक की दिशा में भी कदम उठाए हैं। साइबर सुरक्षा को उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताया।

## सोशल मीडिया पर फैली अफवाह पर ध्यान न दें, जानें प्रयागराज में किस दिन लागू रहेगा डायवर्जन स्कीम

प्रयागराज (आरएनएस)। यदि आप उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने जा रहे हैं तो सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दें।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक खबर फैलाई जा रही है कि प्रयागराज में 4 फरवरी तक वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध है। वायरल इस खबर को लेकर डीएम प्रयागराज रवींद्र कुमार मंदार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर 4 फरवरी तक प्रयागराज में वाहन प्रवेश प्रतिबंध का दावा करने वाली वायरल खबर पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के लिए जिला प्रशासन, मेला प्रशासन द्वारा डायवर्जन स्कीम लागू की गई थी। लेकिन अब पुलिस द्वारा डायवर्जन स्कीम को हटाया जा रहा है। 31 जनवरी, 1 फरवरी और 4 फरवरी को किसी भी तरह से वाहन पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। 2 और 3 को वसंत पंचमी के स्नान पर लागू डायवर्जन स्कीम लागू होगी। योजना मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश की बहुत अलग प्रक्रिया है, मेला अधिकारी और डीआइजी सभी को इसकी जानकारी देंगे कमिश्नरी क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर किसी भी तरह से कोई प्रतिबंध नहीं है। दूसरी ओर शुक्रवार को संगम तट पर श्रद्धालुओं ने सुबह-सुबह आस्था की डुबकी लगाई और पूर्जा अर्चना की।




भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के अध्यक्ष उदय भान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और उन्हें अपने वादे के अनुसार प्रदूषित यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी।

## केजरीवाल जाएंगे चुनाव आयोग, यमुना में जहर मिलाने से जुड़े बयान पर देंगे जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह 11 बजे चुनाव आयोग जाएंगे। केजरीवाल चुनाव आयोग के सामने यमुना नदी में जहर मिलाने वाले बयान पर जवाब देंगे। केजरीवाल के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के बीच केजरीवाल द्वारा यमुना नदी में जहर मिलाने वाले बयान के बाद से हरियाणा और दिल्ली की राजनीति में हलचल बढ़ गई है। जिसके बाद चुनाव आयोग ने इस मामले पर संज्ञान लिया। चुनाव आयोग ने केजरीवाल से इस पूरे मामले में सबूत भी मांगे थे। लेकिन, जो जवाब केजरीवाल द्वारा दिए गए, चुनाव आयोग उससे संतुष्ट नहीं है। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को आरोप साबित करने का एक और मौका दिया है। गुरुवार को आयोग ने कहा कि कौन सा पदार्थ, कितनी मात्रा में और किस प्रकार से पानी में मिलाया गया था, साथ ही यह भी पूछा है कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों का इस जहरीले पानी की पहचान में क्या योगदान था। केजरीवाल ने कहा था कि यमुना के पानी में अमोनिया के स्तर को एक सुनियोजित तरीके से बढ़ाकर लोगों को जहर देने की तैयारी हो रही है। 00

# केरल : अवैध रूप से रह रहे 27 बांग्लादेशी गिरफ्तार

कोच्चि (आरएनएस)। केरल के कोच्चि से पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 27 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एर्नाकुलम जिले के उत्तरी परवूर क्षेत्र में एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान में की गई है। फिलहाल, सभी से पूछताछ जारी है। पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस प्रमुख वैभव सक्सेना के मुताबिक, दो सप्ताह पहले 28 वर्षीय तस्लीमा बेगम को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया है, जिसके तहत अवैध रूप से रह रहे सभी बांग्लादेशियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक पश्चिम बंगाल के अवैध नागरिक बनकर विभिन्न स्थानों पर जाकर काम कर रहे थे। न सिर्फ केरल, बल्कि देशभर के कई अन्य राज्यों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इससे पहले 29 जनवरी को मुंबई की घाटकोपर पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

घाटकोपर पुलिस ने बताया था कि अवैध रूप से रहने के आरोप में 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। उनके दस्तावेजों की जांच करने पर पुलिस को पता चला कि वे बिना किसी अनुमति के लंबे समय से यहां रह रहे थे। पुलिस ने बताया था कि खुफिया जानकारी के आधार पर इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

## भगदड़ के 2 दिन बाद पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगे 24 अज्ञात मृतकों के पोस्टर

प्रयागराज (आरएनएस )। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ हुई। इसके बाद भगदड़ को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ भगदड़ हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में 25 की पहचान कर ली गई है और पांच अज्ञात है। अब 2 दिन बाद प्रशासन की ओर से 24 अज्ञात मृतकों के चेहरे के पोस्टर लगा दिए गए हैं। इन पोस्टर से परिजन मृतकों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं। पोस्टमार्टमहाउस के बाहर लगे इस पोस्टरों से अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। उधर, भगदड़ में मामले की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। आज न्यायिक आयोग के सदस्य आज मौके पर पहुंच कर मौके का जायजा लेंगे। मौनी अमावस्या की मध्य रात्रि के बाद संगम नोज पर हुई भगदड़ में कई ऐसे लोग हैं, जिनके परिजन अपनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। हादसे के बाद से लोगों के मोबाइल बंद होने से परेशानी अधिक हो रही है।



वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंपी।



आप सांसद स्वाति मालीवाल ने विकासपुरी रोड के पास एक ट्रक में कूड़ा लाद लिया और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले विरोध स्वरूप उसे डंप करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास की ओर रवाना हो गईं।

# लोगों ने कांग्रेस सांसद को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, पुलिस के सामने ही फोड़ा सिर, ये है पूरा मामला

कैमूर(आरएनएस)। सासाराम के कांग्रेस सांसद मनोज कुमार पर जानलेवा हमला हुआ। कैमूर के मोहनिया में सांसद मनोज राम पर हमला हुआ। ये घटना उनके भाई के स्कूल, सेंट जॉन इंटरनेशनल के पास हुई। पैक्स चुनाव के बाद निकल रहे जुलूस और स्कूल बस के ड्राइवर के बीच झड़प हो गई थी। बीच-बचाव करने गए सांसद को भीड़ ने घायल कर दिया। सांसद के सिर में चोट आई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सांसद को अस्पताल भेजा और स्कूल के बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया।


कांग्रेस सांसद पर हमला

कुदरा थाना क्षेत्र के नाथोपुर गांव के पास की घटना है। सासाराम से सांसद मनोज राम के भाई मृत्युंजय भारती इस स्कूल के मालिक हैं। पैक्स चुनाव के नतीजे आने के बाद विजयी जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान स्कूल बस के ड्राइवर और जुलूस में शामिल कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गई। ये कहासुनी मारपीट में बदल गई। सांसद मनोज कुमार बीच-बचाव करने पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जुलूस को वहां से भेज दिया। हालांकि, कुछ देर बाद 8-10 लोग लाठी-डंडे और भाले लेकर स्कूल लौट आए और फिर से हंगामा शुरू कर दिया। सांसद मनोज कुमार दोबारा उन्हें समझाने गए, लेकिन इस बार उन पर हमला कर दिया गया। इस हमले में सांसद के सिर में चोट आई है।

स्कूल को लेकर विवाद

सांसद के भाई मृत्युंजय भारती ने बताया कि मतगणना का रिजल्ट आने के बाद लोग जुलूस लेकर जा रहे थे। इसी में वह लोग बदमाशी करने लगे। हमारे बस के चालक को पीट दिए। सांसद महोदय जब आए तो किसी तरह समझा कर लोगों को यहां से भेज दिया। फिर बाद में आठ दस लोग लाठी डंडा और भाला लेकर विद्यालय के पास आए और बदमाशी करने लगे। जब सांसद महोदय समझाने के लिए गए तो उन पर हमला कर दिया। उनका सिर फट गया। घटना की सूचना मिलते ही कैमूर एसपी, मोहनिया डीएसपी, मोहनिया एसडीएम समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। सांसद मनोज कुमार को तुरंत मोहनिया अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित उनके घर भेज दिया।

मोहनिया डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि भरीगांवा के लोगों से विद्यालय को लेकर विवाद चल रहा था।



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान अपने माता-पिता के करियर की राह पर चलते हुए बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इब्राहिम अली खान करण जौहर की फिल्म नादानियां में खुशी कपूर के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। शनिवार सुबह फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया गया। फिल्म सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म से निर्देशक शौना गौतम भी डेब्यू करेंगी,



# शरवरी वाघ ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर बरपाया कहर, वन पीस ड्रेस पहन कैमरे के सामने दिए एक से एक पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपनी एक्टिंग और फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अंदाज अक्सर इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की बेहद ही स्टाइलिश ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को मेसी लुक देकर, लाइट मेकअप और न्यूड ब्राउन शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे से सामने प्यारी सी स्माइल देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

## फिल्म इडली कढ़ाई से धनुष की पहली झलक आई सामने

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष काफी समय से अपनी आगामी फिल्म इडली कढ़ाई को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। खास बात यह है कि पा पांडी (2017) और रायन (2024) के बाद यह धनुष की बतौर निर्देशक तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में वह अभिनय करते भी नजर आएंगे। अब नए साल पर धनुष ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, इडली कढ़ाई से अभिनेता की पहली झलक सामने आ चुकी है। पोस्टर में धनुष हाथ में सब्जी का थैला लिए नजर आ रहे हैं। वह एक आम आदमी लग रहे हैं। इडली कढ़ाई को 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की कहानी भी धनुष ने ही लिखी है। उन्होंने फिल्म का निर्माण आकाश भास्करन के साथ मिलकर किया है।

# एली अवराम ने इलू इलू 1998 में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी साझा की



अपनी आगामी फिल्म 'इलू इलू 1998' की तैयारी कर रहीं अभिनेत्री एली अवराम ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह फिल्म में गोवा की कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हैं। अपनी आकर्षक छवि और स्क्रीन पर अपनी आकर्षक उपस्थिति के लिए मशहूर अभिनेत्री इस अनोखी, दिल को छू लेने वाली ड्रामा फिल्म में 1998 की रंगीन अराजकता में एक पुरानी यादों को ताजा कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन अजिंक्य बापू फाल्के ने किया है और यह रोमांस, कॉमेडी और दिल को छू लेने वाली पुरानी यादों का एक बेहतरीन मिश्रण है। फिल्म का शीर्षक 90 के दशक के मशहूर कैचफ्रेज़ से लिया गया है जो आज भी मीठी यादें ताज़ा कर देता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए एली अवराम ने कहा, जब मैंने पहली बार इलू इलू 1998 की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत सुश्री पिंटो के किरदार की गहराई और आकर्षण से आकर्षित हो गई। मैं एक गोवा कैथोलिक अंग्रेजी शिक्षिका की भूमिका निभा रही हूँ। अभिनेत्री ने आगे बताया, वह गर्मजोशी, ताकत और सूक्ष्म जटिलताओं से भरी एक महिला हैं, और मैंने उन्हें जीवन में उतारना एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखा। मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करना एक कलाकार के रूप में मेरे लिए एक स्वाभाविक प्रगति की तरह लगा, और मैं इस जीवंत उद्योग का पता लगाने के लिए उत्सुक थी। जैसे ही मैंने शीर्षक सुना, मैंने कहा, हे भगवान, *इलू इलू! मैं इसमें हूँ! यह फिल्म 90 के दशक के लिए मेरा प्रेम पत्र है - फैशन, संगीत, ड्रामा - और मैं इस विचित्र सवारी से सभी के प्यार में पड़ने का इंतजार नहीं कर सकती।

## धूम धाम का ट्रेलर रिलीज, यामी गौतम और प्रतीक गांधी की शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती

पिछले कई दिनों से फिल्म धूम धाम चर्चा में है। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रतीक गांधी ने मुख्य भूमिका निभाई है और इसके जरिए ये दोनों कलाकार पहली बार साथ आए हैं। कुछ दिन पहले फिल्म के पोस्टर और टीजर सामने आया था, जिस पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। लोगों ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी है, आइए जानते हैं। यामी और प्रतीक केमिस्ट्री शानदार लग रही है। दोनों की शादी होती है और शादी की पहली रात ही तब बवाल हो जाता है, जब उनकी शादी में अनचाहे बाराती या कहें गुंडे घुस जाते हैं। शादी का मंडप जंग का मैदान बन जाता है और कोयल बनीं यामी और वीर बने प्रतीक की जिंदगी में भूचाल आ जाता है। इस नई-नवेली जोड़ी की पहली रात की कहानी मजेदार लग रही है, वहीं यामी की कॉमेडी भी देखने लायक है। प्रतीक की एक्टिंग भी लाजवाब है। वह एक बेहतरीन अभिनेता हैं। उन्हें कैसा भी किरदार दे दिया जाए, वो उसमें हर बार अव्वल नंबरों से पास हुए हैं। उन्होंने गंभीर से लेकर कॉमेडी किरदार बेहतरीन तरीके से निभाए हैं। कहीं न कहीं कॉमिक किरदारों के लिए प्रतीक को ज्यादा वाहवाही मिली है। पिछली बार आई उनकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में भी प्रतीक की कॉमेडी लोगों को पसंद आई थी। अब वह अपने कॉमेडी अवतार में वापस लौट आए हैं। ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, यामी बेहद प्रतिभाशाली और खूबसूरत हैं, लेकिन कोई भी उनकी प्रतिभा अब तक बखूबी भुना नहीं पाया है। एक ने लिखा, बड़े टाइम बाद ऐसी कॉमेडी फिल्म देखने को मिलेगी। ट्रेलर के बाद अब इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। एक लिखते हैं, ये दोनों ही कलाकार जबरदस्त हैं और इनकी कॉमेडी भी बढ़िया है। ट्रेलर ने उम्मीद और बढ़ा दी है। एक ने लिखा, एजाज खान ने भी चार चांद लगा दिए। धूम धाम रोमांस और कॉमेडी से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। इस फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं। शादी से पहले यामी और आदित्य ने ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक में साथ काम किया था,

# बोमन ईरानी के डायरेक्शन में बनी बाप-बेटे के रिश्ते पर बेस्ड फिल्म द मेहता बॉयज की रिलीज डेट आउट

2025 भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन प्राइम वीडियो ने आज घोषणा की है कि 7 फरवरी को क्रिटिक्स की भरपूर तारीफ़ पाने वाली ऑरिजिनल फ़िल्म, द मेहता बॉयज़ का प्रीमियर होगा. चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट एलएलपी के साथ मिलकर ईरानी मूवीटोन एलएलपी के बैनर तले बोमन ईरानी, दानेश ईरानी, विकेश भूटानी, और शुजात सौदागर द्वारा प्रोड्यूस की गई फ़िल्म, द मेहता बॉयज़ का निर्देशन बोमन ईरानी ने किया है. ईरानी ने एकेडमी अवार्ड विजेता एलेक्स डिनेलारिस के साथ मिलकर इस फिल्म की कहानी भी लिखी है. बाप-बेटे के रिश्ते की उलझनों और परिवार के सदस्यों के बीच के पेचीदा नाते के ताने-बाने को बखूबी दिखाने वाली इस ऑरिजिनल फ़िल्म को बेहद माहिर कलाकारों ने पर्दे पर उतारा है.

इस फ़िल्म में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी, श्रेया चौधरी, और पूजा सरूप मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं. भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में 7 फरवरी को प्राइम वीडियो पर हिंदी में द मेहता बॉयज़ का एक्सक्लूसिव प्रीमियर होगा, जिसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब किया जाएगा तथा कई भाषाओं में सबटाइटल के साथ रिलीज़ किया जाएगा.

द मेहता बॉयज़ एक बाप और बेटे की कहानी है, जिनकी सोच एक-दूसरे से बिल्कुल जुदा है और उन्हें न चाहते हुए भी एक-दूसरे के साथ 48 घंटे बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है. बाप-बेटे के बीच के उलझन भरे रिश्तों की बारीकियों को बखूबी पेश करने वाली इस फ़िल्म में उनके उतार-चढ़ाव भरे सफ़र को दिखाया गया है। सितंबर 2024 में आयोजित बेहद सम्मानजनक 15वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल (छ्ह्स्स्रस्न) में द मेहता बॉयज़ का ग्लोबल प्रीमियर हुआ था, तथा इस फेस्टिवल में बेस्ट फीचर फ़िल्म का पुरस्कार भी हासिल किया.

इसके बाद, अक्टूबर 2024 में टोरंटो में आयोजित इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल ऑफ़ साउथ एशिया में बोमन ईरानी को बेस्ट एक्टर का पुरस्कार मिला. नवंबर 2024 में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया (ड्डस्स्रस्त्रड्ड) में पहली बार इस फ़िल्म को एशिया में पेश किया गया, साथ ही जनवरी 2025 में इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल बर्लिन में भी इसका प्रदर्शन किया गया. प्राइम वीडियो, इंडिया के हेड ऑफ़ ऑरिजिनल्स, निखिल मधोक ने कहा, द मेहता बॉयज़ दिल को छू लेने वाली और खूबसूरती से बनाई गई फ़िल्म है, जो बाप-बेटे के रिश्ते की उलझनों और दिल की गहराई में बसे ज बातों को पर्दे पर उतारती है, इस फ़िल्म को अब तक मिली तारीफ़ इस कहानी की सच्चाई के बारे में बहुत कुछ बयां करती है, जिसने दुनिया भर के लोगों का दिल जीता है, प्राइम वीडियो में हम ऐसी कहानियों को दर्शकों के सामने लाने के इरादे पर अटल हैं,

## देवा के नए पोस्टर में शाहिद कपूर का दिखा धांसू अवतार, एडवांस बुकिंग हो गई शुरू

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं, जिनका इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है देवा, जिसके हीरो शाहिद कपूर हैं। यह फिल्म आगामी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। इसके साथ फिल्म देवा से शाहिद की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। देवा का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। फिल्म में शाहिद की जोड़ी पूजा हेगड़े के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं। देवा की एक और खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की धरोहर को दिखाया जाएगा।

## पेट में लगातार दर्द रहे तो न करें नजरअंदाज, हो सकता है अपेंडिक्स कैंसर, इस उम्र के लोग रहें सावधान!

यूं तो पेट में दर्द एक सामान्य समस्या है, जो कब्ज या अपच की वजह से भी हो सकती है. लेकिन अगर ये दिक्कत आपको लगातार हो रही है तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल भी न करें. पेट में लंबे समय तक असहनीय दर्द अपेंडिक्स कैंसर होने का संकेत हो सकता है. अपेंडिसाइटिस एक रोग है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में अपेंडिक्स कहा जाता है. हमारे पेट के अंदर छोटी और बड़ी आंत के बीच में छोटा सा ट्यूब के आकार का अंग अपेंडिक्स होता है. जिसकी कोशिकाओं में अपेंडिक्स कैंसर की शुरुआत होती है. अभी तक इसके होने के पीछे सटीक कारणों का भी पता नहीं चल पाया है. आइए जानते हैं किस उम्र के लोगों को अपेंडिक्स कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है?



अपेंडिक्स कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा किसे?

अपेंडिक्स कैंसर काफी रेयर कैंसर होता है. यूं तो किसी भी उम्र में हो सकता है. हालांकि बच्चों व युवाओं में इस तरह के कैंसर के मामले कम देखने को मिलते हैं. कुछ रिसर्च के अनुसार 40 से 60 साल की महिलाओं में इसका खतरा सबसे ज्यादा होता है.

अपेंडिक्स कैंसर के लक्षण

* बिना कोशिश के वजन कम होना
* पेट के निचले दाहिने हिस्से में लगातार दर्द
* सूजन या पेट का आकार बढ़ना
* दस्त या कब्ज
* मतली और उल्टी

अपेंडिक्स कैंसर का क्या है इलाज? अपेंडिक्स कैंसर पर डॉक्टर्स दवाइयों के साथ कीमोथेरेपी और लक्षित थेरेपी से इलाज करते हैं. कुछ मामलों में सर्जरी भी करनी पड़ती है.

**बॉक्स ऑफिस पर कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी ने तोड़ा दम, 12वें दिन रहा ऐसा हाल**

अभिनेत्री कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा हैं। उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया। हालत यह है कि फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है। अब इमरजेंसी की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया,

# बोटॉक्स या फिलर्स, चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए क्या करवाएं? डॉक्टर से जानें जवाब



उम्र बढ़ने के साथ चेहरे पर इसका असर दिखने लगता है. झुर्रियां तो कभी फाइन लाइन्स चेहरे की सुंदरता को कम करने लगती हैं. उम्र के साथ-साथ खराब लाइफस्टाइल और प्रदूषण की वजह से पिग्मेंटेशन भी होने लगता है.महिलाएं एजिंग को छुपाने के लिए महंगे से महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं. इसके साथ ही बोटॉक्स और फिलर जैसे स्किन ट्रीटमेंट भी करवाती हैं. लेकिन अक्सर लोगों में इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि चेहरे की झुर्रियां हटाने के लिए बोटॉक्स या फिलर्स कौन सा ज्यादा अच्छा है? आइए कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट से जानते हैं इसके बारे में.

क्या है बोटॉक्स और फिलर?

बोटॉक्स और फिलर्स दोनों ही स्किन ट्रीटमेंट हैं. उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने के लिए महिलाएं ये करवाती हैं. ताकि उनका चेहरा जवां रहे.

बोटॉक्स ट्रीटमेंट क्या है?

यह एंटी-एजिंग कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट है. इसमें बोटुलिनम टॉक्सिन या ओनोबोटुलिनमटॉक्सिन ए को इंजेक्ट किया जाता है. झुर्रियों को कम करने और चेहरे की मांसपेशियों को आराम देने के लिए इसका इस्तेमाल होता है. आंखों के आस-पास और आइब्रो के बीच की झुर्रियों को कम करने के लिए इसका यूज किया जाता है. इसके साथ ही इससे जबड़े की फाइन लाइन्स को भी कम किया जाता है.

फिलर ट्रीटमेंट क्या है?

फिलर्स की मदद से झुर्रियों को भरकर उन्हें कम किया जाता है. इससे गालों और होठों का वॉल्यूम बढ़ाया जा सकता है. चेहरे की आकृति को निखारने के लिए भी किया जाता है. फिलर्स जेल जैसे पदार्थ होते हैं, जो हायलूरोनिक एसिड से बने होते हैं. इन्हें स्किन के नीचे इंजेक्ट किया जाता है. इसका असर चेहरे पर 6 से 24 महीने तक रहता है.

स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से चुनें ट्रीटमेंट

कॉस्मेटिक डर्मेटोलॉजिस्ट ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके बताया कि बोटॉक्स और फिलर दोनों स्किन ट्रीटमेंट स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं. अपनी स्किन की प्रॉब्लम के हिसाब से आप अपने लिए ट्रीटमेंट चुन सकती हैं.

००

## शब्द सामर्थ्य -312


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 311 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में देर रात पंकज पारासर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम जगधर सूखा जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है शाम लगभग 6-30 बजे वह एवं साथ काम करने वाले सिरातुल मंसूरी, सुमित सिंह, सुजान सिंह के साथ मजदूरी करने ग्राम मुर्ई गये थे मजदूरी करने के बाद साधन न मिलने से कटंगी तरफपैदल पैदल आ रहे थे जैसे ही हम लोग राजपूत ढाबा के पास पहुॅचे कि जबलपुर तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमी 20 एम एन 7383 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये रोड़ किनारे पैदल चल रहे



# जबलपुर मॉडल पुस्तक पर विमर्श, शहर के विकास की नई दिशा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के समावेशी विकास और प्रशासनिक नवाचारों पर आधारित पुस्तक जबलपुर मॉडल का विमोचन एवं विमर्श कार्यक्रम आज भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मुख्य अतिथि, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं लेखक डॉ प्रशांत पॉल अध्यक्ष, शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं सांध्य दैनिक अखबार हिन्दी एक्सप्रेस के संचालक रवि बाजपेयी एवं नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पुस्तक के लेखक, पूर्व आयुक्त आई.ए.एस. वेदप्रकाश, जिन्होंने जबलपुर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, ने पुस्तक की अनिवार्यता और अपने प्रशासनिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक केवल एक सरकारी रिपोर्ट नहीं है, बल्कि जबलपुर के स्मार्ट सिटी बनने की यात्रा का दस्तावेज़ है। इसमें यातायात सुधार, स्वच्छता, हरित क्षेत्र संरक्षण, सार्वजनिक सुविधाओं और संस्कृति के संरक्षण से जुड़े अनेक पहलुओं को समाहित किया गया है। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह ने इस पुस्तक को भविष्य की योजनाओं के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका बताया, और कहा कि जबलपुर के विकास के लिए इस पुस्तक में दिए गए सुझावों को गंभीरता से अपनाया जाना चाहिए।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रशांत पॉल, रवि बाजपेयी एवं नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा, यह पुस्तक न केवल जबलपुर, बल्कि देशभर के शहरी विकास मॉडल के लिए एक प्रेरणा है। प्रशासनिक इच्छाशक्ति और नागरिक भागीदारी से किसी भी शहर का कायाकल्प किया जा सकता है। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में लेखक वेदप्रकाश को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुस्तक विमोचन के साथ ही, यह संदेश भी दिया गया कि जबलपुर जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहरों के विकास के लिए एक संगठित प्रयास आवश्यक है।



## रेल अधिकारियों के क्रिकेट मैच में डीआरएम इलेवन की टीम ने जीत हासिल की

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल के रेल अधिकारियों ने कार्य की थकावट को रिलीज करने के लिए आज शनिवार को दो टीमों बनाकर एक सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच खेला। इस मैच में डीआरएम 11की टीम ने एडीआरएम 11 की टीम को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। रेलवे स्टेडियम में प्रात: 10-00 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के रेलवे ऑफीसर्स की 02 टीमों डीआरएम 11और एडीआरएम 11के बीच एक क्रिकेट मैच खेला गया । टॉस जीत कर डीआरएम 11 ने बैटिंग का फैसला किया और 20 ओवर में 182 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया । इसमें मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, श्री सुबोध विश्वकर्मा, श्री राम बदन मिश्रा ,श्री आकाश , श्री मुनव्वर खान, सौरभ अवस्थी ने शानदार बैटिंग कर महत्वपूर्ण रन जोड़े । श्री आनंद कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा सचिपति नंदन ने बॉलिंग कर विकेट लिए । 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में एडीआरएम 11, 7 विकेट पर 129 रन ही बना सकी । डीआरएम 11की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, कमल कुमार तलरेजा और डॉ. मधुर वर्मा, श्री रामबदन मिश्रा, श्री संजय, श्री आकाश, श्री प्रशांत कुमार श्री सौरभ अवस्थी , श्री आकाश ने विकेट लिए । एडीआरएम 11 से श्री आनंद कुमार ,अपर मंडल रेल प्रबंधक (नाबाद) रहे तथा श्री प्रिंस विक्रम, श्री अक्षय कुमरावत , श्री सर्वेश, श्री रोहित ने महत्वपूर्ण रन बनाए । कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक महोदय का स्वागत वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा ने किया । मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने ट्रॉफी अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय को प्रदान की । डीआरएम 11 की टीम 53 रन से मैच जीत गई एवम विजेता टीम को ट्रॉफी अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा दी गई जिसे मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने प्राप्त किया । दोनों क्रिकेट टीम के सभी सदस्य अधिकारियों को पर्यावरण के संरक्षण की जागरूकता हेतु प्रतीक स्वरूप सेपलिंग प्रदान किए गए । क्रिकेट मैच को सफल बनाने में श्री रोशन सिंह यादव, सुबोध गोसावी, विक्रम जनसारी, मोहम्मद हसन ,अनूप गौतम एवं स्पोर्ट्स पर्सन का विशेष सहयोग रहा । क्रिकेट मैच की कमेंट्री श्री प्रिंस विक्रम और रवींद्र त्रिपाठी द्वारा की गई । कार्यक्रम का संचालन श्री रवींद्र त्रिपाठी ने किया और आभार प्रदर्शन श्री सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी महोदय द्वारा किया गया ।

## सी एम हेल्प लाइन को बेहतर करने ज्ञापन देंगे सोशल एक्टिविस्ट

जबलपुर। सी एम हेल्प लाइन की पहचान आज प्रदेश में एक बेहतरीन सुविधा के रूप में है।नागरिकों को सिस्टम से अपनी मांग शिकायत दूर करने में काफी मदद मिल जाती है।मगर इधर एक आवेदक ऐसे भी है जो इससे भिन्न राय रखते है।आवेदक पवित्र शर्मा का मानना है कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहे है।उन्होंने सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन में स्थापना अधीक्षक संजीव गुप्ता के विरुद्ध एस बी आई हाउसिंग सहकारी समिति की जानकारी मांगी जिस पर कभी भी संतुष्टि पूर्ण जवाब उन्हें नहीं मिला।सी एम हेल्प लाइन के अधिकारी इधर उधर के उत्तर दर्ज कर देते है।उन्होंने बताया कि भोपाल स्थित एस बी आई हाउसिंग सहकारी समिति के मामले में विभाग में संयुक्त पंजीयक अभय खरे एवं तात्कालीन पंजीयक सहकारिता आलोक सिंह ने वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक संजीव गुप्ता के मामले में बेहद सख्त रवैया अपनाया था किंतु षडयंत्र पूर्वक यह फाइल कार्यालय से गायब करवा दी गई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।अब वे जब इसकी फाइल की जानकारी मांग रहे है तो उन्हें घुमाया जा रहा है।

## नर्मदा प्रकटोत्सव पर विशेष

## नर्मदा मध्य प्रदेश की जीवन रेखा जहाँ संस्कृति आकार लेती है



हमारा नगर जबलपुर नर्मदा के तट पर बसा है जिसका सांस्कृतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक ,ऐतिहासिक महत्व है नर्मदा महज जल संसाधन नहीं अनेकों की जीवन धारा भी है ?हजारों लाखों जीव, वनस्पति ,प्रकृति, खेत ,किसान, सभी की आश्रय दाता है नर्मदा, अत: हम सब का कर्तव्य है नदी को प्रदूषण मुक्त रखें ।नर्मदा की निर्मल धार रहेगी तो जीवन भी निर्मल अबाध चलता रहेगा ,यह सच है कि पानी का कोई विकल्प नहीं है ।जल है तो कल है। आज सभी को नर्मदा के महत्व को समझना ही होगा।

कल-कल निनादनी नर्मदा सामवेद की मूर्ति है नर्मदा की महिमा स्कंद पुराण, पद्म पुराण में भी वर्णित है नर्मदा अमरकंटक से अपने प्राकृट्य रुप मे बालिका की तरह है जो किलकारी भरते हुए आगे बढ़ने लगती है और विस्तारित होने लगती है नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक पर्वत का एक कुंड है जो 3492 फीट की ऊंचाई पर स्थित है मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के क्षेत्रों से होती हुई नर्मदा खंभात की खाड़ी में समाहित हो जाती है एक पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मा के नेत्र से दो आँसू गिरे जिनसे नर्मदा और सोन की उत्पत्ति हुई । भू वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की प्रारंभिक अवस्था में प्रथमतय दो नदियों का प्रादुर्भाव हुआ भारत की नर्मदा और मिस्त्र की नील ,दोनों के तट पर विशिष्ट पुरा संस्कृतियों का विकास हुआ विश्व की सर्वश्रेष्ठ नदी है नर्मदा यह अद्भुत और विलक्षण है इस नदी का इतिहास भूगोल , शिल्प, कला, साहित्य सभी सुंदर और आकर्षक है अनेक ऋषियों ने इसके तट पर तप किया नर्मदा सबसे प्राचीन नदी है भृगु ऋषि जिनके नाम पर भृगु घाट (भेड़ाघाट) नाम पड़ा। पार्वती ने नर्मदा तट पर पूजन किया था इसलिए गौरी घाट (ग्वारीघाट) नाम पड़ा। ऐसे अनेकों प्रसंग जबलपुर के नर्मदा तटों से जुड़े हैं। एक यही नदी है जिसकी 3 वर्ष 3 माह 13 दिन मैं परिक्रमा होती है सिर्फ नर्मदा की ही परिक्रमा होती है बुंदेली। गौडी, निमाड़ी, मराठी ,गुजराती संस्कृतियों का निवास इसके तट पर है नर्मदा के स्मरण मात्र से एक जन्म का, दर्शन से तीन जन्म का, और स्नान से सात जन्म का पाप नष्ट होता है अनेक विशिष्ट जड़ी-बूटी और औषधियाँ नर्मदा तट के वृक्षों से प्राप्त होती हैं

नर्मदा का हर कंकर शंकर है जिन्हें बिना प्रतिष्ठा के भी पूज्य माना गया है नर्मदा का जल दूध की तरह पोषण करता है यह अभदा, जलदा ,सहज संजीवनी है नर्मदा सागर में मिलने के पूर्व डेल्टा नहीं बनाती है ,केवल नर्मदा नदी पर ही पुराण वर्णित है हर अर्थात शिव के पहले नर्मदा का नाम लिया जाता है नर्मदे हर संगमरमर पत्थर सिर्फ नर्मदा तट पर ही हैं ।सभी देवी- देवताओं से वंदित नर्मदा से मिलने गंगा भी वैशाख माह में आती है। नर्मदा पर जितने सुंदर प्रताप हैं किसी नदी पर नहीं है ।लोकगीत, संगीत और स्वर लहरियाँ नर्मदा तट पर सर्वाधिक गूंजती हैं। तंत्र शक्ति के सर्वाधिक स्थल नर्मदा के तट पर हैं शिल्प कला के अद्भुत नमूने और दर्शन ज्ञान के अबूझे रहस्य भी नर्मदा तट पर हैं ।यही एक नदी है जो सरल मार्ग को छोड़ ,कठिन मार्ग का अनुसरण करती है ।सर्वाधिक आध्यात्मिक आस्था की पोषक नदी है नर्मदा । जल ,चट्टान ,प्रपात ,शोर और मोड रेवा के प्रमुख तत्व हैं ।चट्टानों पर बने चित्र, रेत पर बनी नक्काशी, रेवा का अनुपम सौंदर्य दर्शाते हैं ।ओंकारेश्वर ओमकार स्वरूप है ,मंडला में मेखलाकर नर्मदा , दक्षिण गंगा, गौतमी, मंदाकिनी बिपाशा,आदि कई नाम से पुकारा गया है ।प्रकृति की नैसर्गिक सत्ता और सौंदर्य के दर्शन नर्मदा के घाटों पर और तत्वों में होते हैं नर्मदा के दोनों तटों पर अनेकों तीर्थ हैं जहाँ हमारी संस्कृति पोषित होती है नर्मदा हमारी आस्था की नदी है।



**डॉ संध्या जैन श्रुति रचयिता ( नर्मदा महाकाव्य )**

# हितकारिणी महिला महाविद्यालय का 92 वां स्नेह सम्मेलन सम्पन्न




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर का 92 वां स्नेह सम्मेलन एवं स्वर्ण पदक वितरण समारोह शहीद स्मारक में आयोजित हुआ।अतिथि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमति संतोष जाटव, अतिरिक्त सचांलक उच्च शिक्षा विभाग,जबलपुर, डॉ. अल्केश चर्तुवेदी प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जबलपुर,पं. नित्य निरंजन खम्परिया, डॉ.राजेश कुरारिया, डॉ. के.के. हूंका, श्री हर्ष जैन, यश जैन, डॉ. रंजना मिश्रा, एड. श्याम विश्वकर्मा, प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय, उपप्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ठाकुर और डॉ अभिलाषा मिश्रा ने किया. इनको मिला स्वर्ण पदक 1.बी.ए में ईशिका नामदेव को राजनीतिशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्गीय श्री जे.पी. मिश्रा स्वर्ण पदक। 2.बी.ए में अंशिता चौबे को समाजशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्गीय डॉ. श्रीमती रजनी विश्वकर्मा स्वर्ण पदक। 3.बी.कॉम में प्रथम काबरा को स्वर्गीय श्रीमती विजय रानी जी स्वर्ण पदक। 4.एम.कॉम में प्राजंल जाधव को स्वर्गीय श्री सेठ मुकुददांस जी माहेश्वरी स्वर्ण पदक। 5.बी.एस.सी में सविता कुशवाहा को स्वर्गीय श्री सेठ नरसिंह दास जी माहेश्वरी स्वर्ण पदक। नये तीन स्वर्ण पदकों की धोषणा

### स्वर्ण पदक वितरण समारोह



महाविद्यालय में अगले वर्ष से तीन नये स्वर्ण पदक पं. नित्य निरंजन खम्परिया जी द्वारा बायो साइंस, डॉ. के.के हूंका द्वारा बी.बी.ए एवं डॉ. अल्केश चर्तुवेदी द्वारा इतिहास विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को स्वर्ण पदक प्रदान करने की धोषणा की गई। छात्राओं को महाविद्यालय की विरासत और उपलब्धियों को बनाये रखना होगा महाविद्यालय का 92 वर्षों का इतिहास है। महाविद्यालय में नये कोर्सों का संचालन हो इसकी शुभकामनायें प्रेषित की है। उक्त विचार पं. नित्य निरंजन खम्परिया जी ने व्यक्त किये। पांच दिवसीय स्नेह सम्मेलन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर, निबंध, स्लोगन, रंगोली, प्रदर्शनी आदि है। उक्त सभी प्रतियोगिताओं का विषय गांधी जी की विचारधारा पर आधारित था। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने स्थान प्राप्त किये।

फैशन शो रहा आर्कषण का केन्द्र

महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भारतीय परिधानों पर आधारित फैशन शो में भाग लिया। विभिन्न प्रदेशों के परिधान धारण किये छात्रायें उस प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता का भी प्रदर्शन कर रही थी। सम्बंधित प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों को भी प्रदर्शित किया गया। अक्षिता चौधरी बनी मिस हितकारिणी, वहीं नंदिनी विश्वकर्मा, और प्रकृति जैन क्रमश: प्रथम और द्वितीय रन रप रही। भारतीय परिधानों की श्रेणी में प्रथम स्थान श्रेया तिवारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शिवदत्त मिश्रा अध्यक्ष हितकारिणी आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज देवताल ,डॉ संजय तिवारी प्राचार्य नवयुग महाविद्यालय, अनिल अग्रवाल जी डॉ पुनीत दुग्गल, प्रो गीतिका खत्री, गुंजा जी, डॉ आशीष मालपाणी, प्रो फरहाना खान, प्रो पूजा मिश्रा , डॉ अभिलाषा मिश्रा, डॉ अंजलि ठाकुर डॉ आरती प्रो प्रीति दीवान, श्रीमति छाया दुबे, प्रो प्रतीक्षा नामदेव, डॉ अंशुल मिश्रा, प्रो स्तुति पांडेय, वैशालीजी, शुभ्राजी, प्रो प्रतीक्षा तिवारी, प्रो नवोमीता , प्रो आर्या तिवारी. का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

## जन्मदिवस एवं बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आध्यात्मिक जन्मदिवस एवं बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, दिनांक 2 फरवरी रविवार को प्रात: 6-00 बजे से सायं 6-00 बजे तक अखंड गायत्री जप एवं दोप. 3-30 बजे से पूज्य गुरुदेव के सूक्ष्म संरक्षण संबंधी अनुभूति पर एक विशेष अनुभूतिपरक् संगोष्ठी एवं सायं विराट गायत्री दीप महायज्ञ के साथ विश्व स्तरीय सवालक्ष अनुष्ठान का संकल्प कराया जाएगा दूसरे दिन पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं मां भगवती का प्रसाद वितरण किया जाएगा। गायत्री परिवार के व्यवस्थापक श्री प्रमोद राय द्वारा बताया गया कि आचार्य जी ने अपने सभी महत्वपूर्ण कार्य बसंत पंचमी के दिन से ही प्रारम्भ किये हैं ! इसी दिन उन्हें अपने गुरुदेव स्वामी सर्वेश्वरानंद जी के दर्शन प्राप्त हुए थे। उनके द्वारा निर्देशित युग निर्माण योजना का कार्य पूज्य गुरुदेव ने बसंत पंचमी से ही आगे बढ़ाया। वरिष्ठ गायत्री परिजन श्री सी. के. मिश्रा ने अपील की है सभी लोग हंस वाहिनी मां सरस्वती के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

**अगले 2 से 3 वर्षों में जनता के लिए यात्रा के अनुभव में क्रांति लाने के लिए 200 नई वंदे भारत ट्रेनें, 100 अमृत भारत ट्रेनें, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 सामान्य गैर एसी कोच**

## अद्भुत केंद्रीय बजट, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव-संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेलवे को लगातार बड़े आवंटन के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को धन्यवाद

**भारतीय रेलवे इस वित्त वर्ष के अंत तक 1.6 बिलियन टन कार्गो के लक्ष्य को छूने का लक्ष्य रखने के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा माल ढुलाई करने वाला रेलवे बन जाएगा**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्रीय बजट में बड़े आवंटन के लिए धन्यवाद, भारतीय रेलवे पूरे देश के लिए तेज, संरक्षित और आरामदायक रेल यात्रा का विस्तार करने के लिए तैयार है। देश अगले दो से तीन साल में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 सामान्य गैर-एसी कोचों की उम्मीद कर सकता है। केंद्रीय बजट को %अद्भुत% बताते हुए केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने लगातार दूसरी बार रेल मंत्रालय को सकल बजटीय सहायता के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2,52,000 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आवंटित करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नई ट्रेनें और आधुनिक कोच निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों की सेवा करने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे।

केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट विकास भारत के लिए एक रोडमैप है। इस वर्ष के बजट में चार लाख साठ हजार करोड़ रुपये के क्रम में रेलवे की बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया गया है। संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बजट विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय रेलवे की संरक्षा बढ़ाने के लिए इस वर्ष के व्यय के लिए एक लाख सोलह हजार करोड़ रुपये आवंटित करता है। लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश करने के बाद रेल भवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह न केवल निवेश के माध्यम से रोजगार पैदा करना चाहता है, बल्कि मध्यम वर्ग को कम आयकर बोझ के साथ बड़ी राहत देता है। इससे पहले, सरकार ने भारतीय रेलवे को आवंटित करने के अलावा, पिछले वित्त वर्ष में किए गए 2,52,000 करोड़ रुपये के समान आवंटन में इसके खर्चों को पूरा करने और इसे आधुनिक बनाने के लिए अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था, इस प्रकार पूंजीगत व्यय, कैपेक्स को 2,62,000 करोड़ रुपये कर दिया गया। इसका मतलब है कि संपत्ति, अधिग्रहण, निर्माण और प्रतिस्थापन पर व्यय न केवल सकल बजटीय सहायता (रेलवे सुरक्षा निधि और राष्ट्रीय रेल संरक्षण कोष सहित), बल्कि भारतीय रेलवे के सामान्य राजस्व से भी पूरा किया जाएगा। निर्भया फंड में से 200 करोड़ रुपये का प्रावधान भी बजट में है। रेलवे अपने आंतरिक संसाधनों से अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये जुटाएगा। रणनीतिक लाइनों के संचालन पर नुकसान की प्रतिपूर्ति बजट अनुमान 2025-26 में 2739.18 करोड़ रुपये रखी गई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 2024-25 में 2602.81 करोड़ रुपये थी। राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए बाजार उधार की ऋण सेवा के लिए इस वित्त वर्ष में 706 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, भारतीय रेलवे का शुद्ध राजस्व व्यय इस वर्ष के बजट अनुमान में 3,02,100 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान में 2,79,000 करोड़ रुपये है। इस वित्तीय वर्ष का सकल बजटीय समर्थन 2013-14 में केवल 28,174 करोड़ रुपये के लगभग 9 गुना है। मीडिया से बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे इस वित्त वर्ष के अंत तक 1.6 बिलियन टन कार्गो को छूने वाला दूसरा सबसे अधिक माल ले जाने वाला रेलवे बनने के लिए तैयार है। हाई स्पीड ट्रेनों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 7000 किलोमीटर हाई स्पीड रेल नेटवर्क होना है जो 2047 तक 250 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से काम करेगा। स्थिरता के बारे में बात करते हुए, रेल मंत्री ने उल्लेख किया कि भारतीय रेलवे वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण प्राप्त कर लेगा। इसके अलावा, बजट में गैर-जीवाश्म ऊर्जा के स्रोत के रूप में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों की घोषणा की गई है, भारतीय रेलवे हमारे विद्युतीकरण प्रयासों में अग्रणी होगा।

## बसंत पंचमी पर सिद्धि, सर्वार्थसिद्धि और रवियोग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। माघ मास का हिंदू धर्म में काफी महत्व माना गया है। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या जैसे कई प्रमुख पर्व इसी माह में पड़ते हैं। इसके अलावा बसंत पंचमी का पावन त्योहार भी इसी माह में पड़ता है। प्रतिवर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाते हैं। मुख्य रूप से इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने का विधान है। बसंत पंचमी का उत्सव न सिर्फ भारत में बल्कि भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश और नेपाल में काफी उत्साह से मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 3 फरवरी दिन सोमवार को है। पंचमी तिथि का प्रारंभ 2 फरवरी को प्रात: 11-49 से होगा जो अगले दिन 3 फरवरी को प्रात: 9-35 तक रहेगा, उदया तिथि से 3 फरवरी को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर आपको बताते हैं कि कैसे खास है बसंत पंचमी का पर्व और क्या है ऐतिहासिक महत्व। वसंत पर्व जहां एक ओर आशा, उत्साह एवं उमंग से परिपूर्ण जीवन की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा और बुद्धि के समुचित नियोजन का आशावादी वातावरण भी बनाता है। ऋतुराज वसंत के आते ही प्रकृति का रूप निखर उठता है। पतझड़ की विदाई शुरू होती है और धरती पर शस्य श्यामला होने लगती है। कुछ ही दिनों में माहौल बदल-सा जाता है और धरती हरे-भरे पेड़-पौधों, उन पर छाई नई-नई कोपलों और फूलों से मनोरम हो उठती है। सरसों के फूलों की वसंती चादर ओढ़कर नैसर्गिक श्रृंगार से सज-धज जाती है। बयार में यह रूप नवगति, नवलय, तालछंद नव से समन्वित हो जाता है। मनुष्य ही नहीं कुदरत का कोना-कोना पुलकित हो उठता है। यह आनंद वसंत के रूप में प्रकट होता है। काव्य-ग्रंथों और शास्त्रों, पुराणों में वसंत का सजीव वर्णन मिलता है। कवियों ने लौकिक और आध्यात्मिक चित्त से ऋतुराज के लिए समृद्ध मन से गीत गाए हैं। भविष्य पुराण के अनुसार, वसंत माघ की शुक्ल त्रयोदशी में उल्लास के देवता काम और सौंदर्य की देवी रति की मूर्ति बनाकर सामूहिक रूप से पूजन किया जाता है। इन मूर्तियों को सिंदूर से सजाया जाता है। इस पुराण में वसंत का चैत्रोत्सव के रूप में वर्णन किया गया है। बसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ माह के पांचवे दिन भगवान विष्णु और कामदेव की पूजा करने का भी विधान है, इसलिए इसे बसंत पंचमी के नाम से जानते हैं। बसंत पंचमी को श्रीपंचमी और सरस्वती पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग में 6 ऋतुएं होती हैं, इनमें बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा माना गया है।इसके अलावा प्राकृतिक दृष्टि से बसंत पंचमी को फूलों के खिलने और नई फसल के आगमन का त्योहार भी कहा जाता है। 6 माह के बच्चों को अन्न का पहला निवाला खिलाने यानी अन्नप्राशन के लिए यह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है। बसंत पंचमी को परिणय सूत्र यानी शादी के बंधन में बंधने के लिए भी बहुत खास माना जाता है। इसके अलावा गृह प्रवेश से लेकर नए कार्यों की शुरुआत के लिए भी इस दिन को अत्यंत शुभ माना गया है।राशि के अनुसार करे माँ सरस्वती का पूजन मिलेगा मन चाहा फल।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना भेडाघाट मे सुनील लडिया उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सहजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 9-30 बजे वह खुमान लडिया, रितेश लड़िया और रूपलाल लड़िया हम लोग सेमरा मटर प्लांट से मजदूरी करके वापस आये थे जैसे ही ग्राम सहजपुर में गणेश मंदिर के पास पहुँचे तभी रिशि ठाकुर, सिद्धू उर्फसिद्धांत ठाकुर एवं रितिक ठाकुर तथा सौरभ ठाकुर मिले, खुमान लड़िया ने रितिक ठाकुर से पूछा कि रात मे किस बात को लेकर मेरे लड़के अशोक को मार दिये थे



## दमोह में बड़े धर्मान्तरण रैकेट का खुलासा

# जबलपुर के 12 नाबालिग बच्चों को धर्म परिवर्तन करने बनाया था बंधक, दो आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** दमोह स्थित क्रिश्चियन कालोनी में पुलिस ने छात्रावास में दबिश देकर 12 नाबालिग बच्चों को छुड़ाया है. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के निर्देश पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बुधवार रात क्रिश्चियन कॉलोनी में की गई छापेमारी में 12 नाबालिग बच्चों को एक हॉस्टल से छुड़ाया गया. बताया गया हे कि पीके शुक्ला मिशनरी के लिए लम्बे समय से काम कर रहा है, वह बच्चों को ईसाई धर्म की शिक्षा दे रहा है. पीके शुक्ला कोरोना काल में बच्चों को जबलपुर से लेकर आया और क्रिश्चियन कालोनी स्थित छात्रावास में रुकवा दिया. यहां तक कि बच्चों का एडमिशन मिशनरी द्वारा संचालित नवजागृति स्कूल में करा दिया, यहां तक कि बच्चों के एडमिशन फार्म पर माता-पिता की जगह पीके शुक्ला व उनके बेटे का नाम दर्ज कर दिया. जबकि यहां पर बच्चों को बंधक बनाकर धर्मान्तरण कराया जा रहा था. इस बात की शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने देर रात हॉस्टल में दबिश दी. जहां से 12 नाबालिग बच्चों को छुड़ाया है. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में धर्म परिवर्तन से संबंधित साहित्य सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए है. बाल कल्याण समिति सागर की अनुशंसा पर पुलिस ने पीके शुक्ला व अनामिका क्रूजर के खिलाफ धारा 143, 143, 43/5, 42, 75 किशोर न्याय अधिनियम, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. बच्चों की काउंसलिंग में सामने आया कि उन्हें अवैध तरीके से रखकर ईसाई धर्म का पाठ पढ़ाया जा रहा था. राज्य बाल आयोग ने इस गंभीर मामले की विस्तृत जांच के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं.

## कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भव्य स्वागत हुआ

जबलपुर । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के नगरागमन पर अन्धमूक चौराहे पर राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन घनघोरिया पूर्व कैबिनेट कैबिनेट मंत्री तरुण भनोट पूर्व वित्त मंत्री जबलपुर संगठन प्रभारी विधायक रजनीश सिंह सह प्रभारी लक्ष्मण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा अमरीश मिश्रा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी राजेश पटेल सुमन जैन दलवीर जैसल हमीद खान आदि ने पुष्पहारो से स्वागत किया ।

# रानीताल पेट्रोल पम्प पर चाकूबाजी, मोटर साइकल आगे-पीछे करने पर उपजा विवाद

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** रानीताल पेट्रोल पम्प पर देर रात तीन बजे के लगभग मोटर साइकल आगे-पीछे करने को लेकर मोटर साइकल सवार युवकों में विवाद हो गया. जिसपर गप्पू सोनकर नामक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया. हमले में गप्पू के शरीर पर गंभीर चोटें आई, जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है.


पुलिस अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी ओमती भरतीपुर निवासी गप्पू सोनकर उम्र 27 वर्ष विक्टोरिया अस्पताल में साइकल स्टेंड में काम करता है. बीती रात 3.30 बजे के लगभग मोटर साइकल में पेट्रोल भराने के लिए रानीताल पेट्रोल पम्प पहुंचाया. गप्पू अपनी बाइक में पेट्रोल भरवा रहा था, इस दौरान एक और मोटर साइकल सवार अपने साथियों के साथ पहुंच गया और गप्पू की मोटर साइकल पीछे करने लगा. गप्पू ने मना किया तो तीनों ने गाली गलौज शुरु कर दी.

गप्पू ने विरोध जताया तो चाकू निकालकर गप्पू पर दनादन वार किए. हमले में गप्पू के पेट व जांघ में गंभीर चोटें आई और वह गिर गया. हमला होते देख पम्प के कर्मचारियों सहित अन्य ग्राहकों में भगदड़ मच गई. पम्प के कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गप्पू को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर गप्पू की हालत को देखते हुए भरती कर लिया है. पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है, उन्हे पकडने् के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है.

### मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी पनागर श्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान दीपक जैन स्वयं के आटो पार्ट्स की दुकान के बाहर एक पालीथीन लिये खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर दौड़कर दुकान के अंदर जाने लगा संदेह होने पर अभिरक्षा मे लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम दीपक जैन उम्र 36 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर बताया तथा पास में रखी हरे रंग की पालीथीन के अंदर गांजा रखा होना बताया एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये

## जबलपुर की इन दुकानों से बिक रहे थे महेन्द्र कंपनी के नाम से नकली स्पेयर पार्टस, पुलिस की दबिश में खुलासा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**।जबलपुर स्थित पुराना बस स्टेंड क्षेत्र में लम्बे समय से महेन्द्रा कंपनी के नाम से नकली स्पेयर पार्टस बेच रहे तीन दुकानों पर आज पुलिस ने दबिश दी. पुलिस ने इस दुकानों से नकली एयर फिल्टर, आईल फिल्टर, बैरिंग, क्लच प्लेट आदि स्पेयर पार्टस बरामद कर दुकान संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा द्वारा प्राधिकृत परविंदर सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी गीता कालोनी दिल्ली ने एसपी सम्पत उपाध्याय को लिखित शिकायत दी कि वे कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर पदस्थ है. खबर मिली है कि जबलपुर के पुराना बस स्टेंड थाना मदन महल की सीमा के तहत कुछ दुकानदार महिन्द्रा कम्पनी के नकली स्पेयर पाट्र्स ग्राहकों को बेचते हुये उसके क्लाइंट महिन्द्रा के नाम का प्रयोग कर उनका नाम खराब करते हुये नकली स्पेयर पाट्र्स बेचकर धोखा कर रहे हैं. इसके बाद पुलिस की टीम ने बस स्टेंड चौकी अंतर्गत दीपक भाटिया की राजपाल मोटर्स में दबिश दी.दुकान की तलाशी लेने पर दुकान सें महिन्द्रा कम्पनी के नकली ट्रेडमार्क के स्पेयर पार्ट 6 नग आयल फिल्टर, 2 नग एयर फिल्टर, 4 नग क्लच प्लेट मिले. इसी तरह मोहम्मद वसीम उम्र 37 वर्ष निवासी मिलौनीगंज थाना हनुमानताल की एमआर मोटर्स दुकान से एक नग वाटर पम्प असेम्बल, 7 नग व्हील बैरिंग, 6 आयल फिल्टर जब्त किए गए. इसी प्रकार बाबी चड्डा उम्र 50 वर्ष निवासी सेंडीकेट मार्केट थाना मदन महल की दुकान चड्डा मोटर्स पर दबिश देकर महिन्द्रा कम्पनी के नकली ट्रेडमार्क के 24 नग इनर ब्रेक प्लेट, 2 नग आयल फिल्टर जप्त किए गए. पुलिस ने तीनों दुकान मालिक बाबी चड्डा उम्र 50 वर्ष निवासी सेन्डीकेट मार्केट मदनमहल एवं मोहम्मद वसीम उम्र 37 वर्ष निवासी मिलौनीगंज हनुमानताल तथा दीपक भाटिया निवासी ग्वारीघाट के विरूद्ध धारा 63, 65 कापीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.

### अकाल मृत्यु

जबलपुर- थाना विजयनगर में मेडीजोन अस्पताल विजयनगर से सूचना मिली कि शैलेश भारवे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पटयरहा थाना गाडासरई जिला डिण्डोरी का सड़क दुर्घटना में घायल होने पर इलाज हेतु दिनांक 31-1-25 की सुबह भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 9-30 बजे शैलेश भारवे की मृत्यु हो गयी है।

# बिल्डर के खिलाफ एफआईआर, करोड़ों की जमीन का पहले एग्रीमेंट किया, फिर किसी और को बेच दी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर की ओमती थाना पुलिस ने एक बड़े बिल्डर शंकर मच्छानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. बिल्डर पर आरोप है कि उसने नेपियर टाउन निवासी राजकुमार बुधरानी की संपत्ति के कूटरचित दस्तावेज तैयार किए.

इतना ही नही रजिस्ट्री के लिए उपयोग होने वाले शासकीय अधिकारियों के हस्ताक्षर करते हुए करोड़ों रुपए हड़प लिए. शिकायतकर्ता राजकुमार ने अक्टूबर 2023 में बिल्डर के खिलाफ पुलिस से शिकायत की थी. जिसकी जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि शंकर मच्छानी ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए है. एफआईआर की जानकारी मिलते ही बिल्डर फरार हो गया है. पुलिस ने जांच के दौरान यह भी पाया है कि शिकायतकर्ता और बिल्डर के खिलाफ जेडीए की जमीन का एग्रीमेंट हुआ था, और करोड़ों रुपए का लेनदेन भी किया था.

नेपियर टाउन निवासी राजकुमार बुधरानी सलवार सूट मैन्युफैक्चरिंग वा ट्रेडिंग का व्यवसाय करते है. उन्होंने अपने परिचित शंकर मच्छानी से 22/08/2014 को जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 11 द्वितीय चरण के स्वीकृत लेआउट के 24402 वर्ग फुट का विक्रय एग्रीमेंट 2600/ रु प्रति वर्ग फुट कुल कीमत छ करोड़ चौंतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रुपए में तय किया था.



संपत्ति के बतौर बयाने के रूप में दिनांक 29/10/09 को 7,00,000 रुपए एक्सिस बैंक चेक क्रमांक 607964, दिनांक 09/07/2014 को 17,00,000 रुपए केनरा बैंक चेक क्रमांक 469381, दिनांक 10/07/2014 को 8,00,000 एक्सिस बैंक आरटीजीएस, दिनांक 10/07/2014 को 16,00,000 रुपए एक्सिस बैंक आरटीजीएस, दिनांक 10/07/2014 को 27.00.000 रुपए नगद कुल 75,00,000 रूपए, शंकर मच्छानी को दिए.

राजुकमार बुधरानी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 9,00,000 एक्सिस बैंक चेक क्रमांक 607969 दिनांक 21/08/2014 की केनरा बैंक चेक क्रमांक 469382 वा नगद 48,00,000 रुपए कुल 75.00.000 रुपए शोभा यादव को जबलपुर हॉस्पिटल के बाजू में उनके कार्यालय में दिए गए. अभी तक कुल एक करोड़ पचास लाख रुपए दे चुके है. शंकर मच्छानी से कहा गया था कि शेष राशि जून 2015 तक भुगतान कर उक्त संपत्ति अपने नाम कर हस्तांतरण लेना करवा लूंगा. जमीन के एग्रीमेंट शर्तों पर लिखा गया था कि जमीन के ऊपर से जो 11 केवी की बिजली लाइन जा रही है, उसे शंकर मच्छानी और शोभा यादव के द्वारा स्वयं के खर्च 6 लाख रुपए से शिफ्ट करवा दिया जायेगा. जो कि समयावधि पूर्ण होने पर भी शंकर एवं शोभा यादव के द्वारा नहीं करवाया गया, जो कि आज भी अधूरी है.

शंकर मंछानी और शोभा यादव को एग्रीमेंट पर बकाया राशि का भुगतान कर जमीन की रजिस्ट्री करने का लिए कहा गया था तब शंकर मंछानी एवम शोभा यादव के द्वारा टालने का काम किया गया तो अगस्त 2017 में कोर्ट में परिवाद दायर किया. शिकायतकर्ता राजकुमार बुधरानी ने बताया कि फरवरी 2021 में जिस जेडीए की संपति को लेकर शंकर मच्छानी और शोभा यादव को करोड़ों रुपए दिए गए थे. उस जमीन का परोहा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर मोहन प्रसाद परोहा के नाम 15/11/2019 को कर दी गई. राजकुमार ने परोहा डेवलपर्स से संपर्क किया, और जमीन के दस्तावेज देखे तो पता चला कि फर्जी शपथ पत्र जिसमें कि राजकुमार के फर्जी साइन करके परोहा डेवलपर्स के नाम हो चुकी है, इस पर राजकुमार ने बताया कि उन्होंने कही भी किसी भी शपथ पत्र में साइन नहीं किए हैं, उनके साथ धोखा हुआ है.

## नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया पदभार ग्रहण

# हर मतदान केंद्र पर हो भाजपा मजबूत





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में संभागीय कार्यालय रानीताल में विधिवत पूजन अर्चन के पश्चात पदभार ग्रहण किया।

श्री सोनकर को लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री अजय विश्नोई, श्री अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह, श्री संतोष बरकडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, श्री विनोद गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुज विज ने पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा कार्यालय में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया, इसके पश्चात सभी अतिथियों के साथ श्री सोनकर ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद मां नर्मदा का पूजन कर अपने कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व नगर अध्यक्ष श्री सोनकर ने दीनदयाल चौक स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय और गुलौआ पार्क स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तत्पश्चात कार्यालय पहुंचे इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा आज जबलपुर महानगर के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष जी ने विधिवत अपने कार्य को प्रारंभ करने हेतु पदभार ग्रहण किया है और जिस तरह संस्कारधानी की परंपरा है उसी तरह भगवान श्रीराम और वीर हनुमान जी के पूजन के पश्चात आज यह कार्यक्रम हो रहा है। आज फिर एक नई इबारत लिखी जा रही पर यह प्रक्रिया नई नही है क्योंकि जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा तक दायित्व का परिवर्तन समय समय पर होता रहता है, सभी पूर्ण निष्ठा से अपने कार्य को करते है और सभी के मन में संगठन को आगे बड़ाने का भाव होता है।

### भाजपा कार्यालय में बधाई देने उमड़ा कार्यकर्ताओ का हुजूम

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओ की फौज है और सभी कार्यकर्ता श्रेष्ठ और सक्षम है परंतु किसी एक का चयन होता है और बाकी सभी की जम्मिेदारी है कि उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी का कार्य करे और संगठन का विस्तार करे। उन्होंने कहा आज रत्नेश जी को नई जिम्मेदारी मिली है वह समर्पित और श्रेष्ठ कार्यकर्ता है और आज जिस तरह से इतनी बड़ी संख्या के कार्यकर्ता एकत्रित हुए है और सभी के चेहरे पर प्रसन्नता और विश्वास का भाव है तो अब उनकी दायित्व है कि इस विश्वास को बनाए रखे और सभी को साथ लेकर चले, वरिष्ठों और महिलाओं का सम्मान हो, युवाओं को स्नेह मिले और सामूहिकता का भाव संगठन में दिखे इसका प्रयास होना चाहिए साथ ही एक एक मतदान केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी मजबूत हो इसके लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा। नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने अपने संबोधन में कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है इसीलिए मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जबलपुर महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है और मैं अपने संगठन और नेताओं को आश्वत करता हूं कि जिस आशा और विश्वास से मुझे यह कार्य सौंपा गया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा, कार्यकर्ताओ के सम्मान में कोई कमी नही होगी और केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देश के पश्चात कार्यक्रमों का क्रियानवन होगा साथ ही हमारी पार्टी की रचना बूथ से लेकर पन्ना प्रमुख तक की है जिसे और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। मेरा प्रयास होगा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंच सके और उसके उत्थान के लिए संगठन स्तर पर कार्य कर सके। कार्यक्रम को विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेत्री पूर्व सांसद श्रीमती जयश्री बैनर्जी, पूर्व विधायक शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, जीएस ठाकुर, रविकिरण साहू, सदानंद गोड़बोले, स्वाति गोड़बोले, आनंद बर्नार्ड, दीपांकर बैनर्जी, राममूर्ति मिश्रा, धीरज पटेरिया, सुधीर नायक, संदीप जैन, आलोक चंसोरिया, एस के मुद्दीन, लेखराज सिंह मुन्ना अश्वनी परांजपे, पंकज दुबे, रजनीश यादव के साथ जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सट्टा लिखते हुये संटोरिया पकडा गया, नगद 3 हजार 580 रुपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि दिनांक 31-1-25 की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि वैशाली परिसर में एक व्यक्ति सट्टा लिख कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई वैशाली परिसर में मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति गार्डन के पास वैशाली परिसर में सट्टा पट्टी लिखते दिखा, आसपास लोग खड़े थे पुलिस को देखकर सट्टा लिख रहा व्यक्ति तथा आसपास खड़े लोग भी भागने लगे, सट्टा लिख रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम जयपाल रावलानी उम्र 44 वर्ष निवासी वैशाली परिसर ग्वारीघाट बताया,

# प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुॅची पुलिस को गप्पू सोनकर उम्र 27 वर्ष निवासी बड़ी ओमती भरतीपुर ने बताया कि वह विक्टोरिया अस्पताल के साईकिल स्टेण्ड में काम करता है आज रात लगभग 3-30 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 के के 7143 में पेट्रोल भराने के लिये रानीताल पेट्रोल पम्प गया था मोटर सायकल में पेट्रोल भराते समय एक मोटर सायकल में तीन लड़के आये और मोटर सायकल आगे पीछे करने लगे , उसने मोटर सायकल आगे पीछे करने से मना किया तो विवाद करने लगे एक लड़के ने उसे पकड़ लिया तथा दूसरे लड़के ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर कमर के उपर पेट के पास एवं वायीं जांघ में चोट पहुॅचा दी । रिपोर्ट पर धारा 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करते हुये शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री रीतेश कुमार शिव के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी लार्डगंज श्री हरिकिशन आर्टनरे के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती आराधना शर्मा, पति- दिनेश शर्मा,** ने भवन/ क्रमांक 404 का हिस्सा **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 507 व.फु., भूतल 500 व.फु., प्रथमतल 500 व.फु., द्वितीयतल 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 404 का हिस्सा पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 20.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुशील सोनकर, पिता- सीताराम** ने भवन/ क्रमांक 1080 से 1084 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1607 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1080 से 1084 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 366 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री मोनू कुमार दुबे, पिता- श्री दीपक कुमार दुबे** ने मकान नं. 283 , सम्पत्ति पिन नं. 1000618070 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999